● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 185, पृष्ठ : 08, सीधी, गुरूवार, 15 अगस्त 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

हक की बात, बुलंदी के साथ

# विन्ध्य टाइगर

विजयी विश्व तिरंगा प्यारा झण्डा ऊंचा रहे हमारा



# किसानों ने उम्मीदों से बेहतर कृषि उत्पादन सुनिश्चित किया: राष्ट्रपति

## स्वतंत्रता दिवस के पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति का देश के नाम सम्बोधन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देशवासियों को स्वतन्त्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति ने कहा, 'सभी देशवासी 78वें स्वतन्त्रता दिवस का उत्सव मनाने की तैयारी कर रहे हैं, यह देखकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। स्वाधीनता दिवस के अवसर पर लहराते हुए तिरंगे को देखना - चाहे वह लाल किले पर हो, राज्यों की राजधानियों में हो या हमारे आस-पास हो - हमारे हृदय को उत्साह से भर देता है।'

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आगे कहा, 'आज, 14 अगस्त को, हमारा देश विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मना रहा है। यह विभाजन की भयावहता को याद करने का दिन है। जब हमारे महान राष्ट्र का विभाजन हुआ, तब लाखों लोगों को मजबूरन पलायन करना पड़ा। लाखों लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। स्वतंत्रता दिवस मनाने से एक दिन पहले, हम उस अभूतपूर्व मानवीय त्रासदी को याद करते हैं और उन परिवारों के साथ एक-जुट होकर खड़े होते हैं जो छिन्न-भिन्न कर दिए गए थे।' राष्ट्रपति ने कहा, 'आजादी का यह पर्व हमें उन दिनों की याद दिलाता है, जब देश के लिए कई लोगों ने बलिदान दिया। हमारे स्वाधीनता संग्रमियों ने हमें नई अभिव्यक्ति प्रदान की। सरदार पटेल, बोस, भगत सिंह, बाबा साहेब आंबेडकर जैसे कई अन्य लोग थे, जिनके बलिदान की सराहना होती रही है।' राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, 'वर्ष 2021 से वर्ष 2024 के बीच 8 प्रतिशत की औसत वार्षिक वृद्धि दर हासिल कर, भारत सबसे तेज गति से बढ़ने वाली बड़ी अर्थ-व्यवस्थाओं में शामिल है। इससे न केवल देशवासियों के हाथों में अधिक पैसा आया है, बल्कि गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों की संख्या में भी भारी कमी आई है। यह हम सभी के लिए गर्व की बात है कि भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, और हम शीघ्र ही विश्व की तीन शीर्षस्थ अर्थ-व्यवस्थाओं में स्थान प्राप्त करने के लिए तैयार हैं। यह सफलता किसानों और श्रमिकों की अथक मेहनत, नीति-निर्माताओं और उद्यमियों की दूरगामी सोच तथा देश के दूरदर्शी नेतृत्व के बल पर ही संभव हो सकी है।'

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, 'हमारे अन्नदाता किसानों ने उम्मीदों से बेहतर कृषि उत्पादन सुनिश्चित किया है। ऐसा करके, उन्होंने भारत को कृषि-क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने और हमारे देशवासियों को भोजन उपलब्ध कराने में अमूल्य योगदान दिया है।' राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, जी-20 की अपनी अध्यक्षता के सफलतापूर्वक सम्पन्न होने के बाद, भारत ने वैश्विक दक्षिण को मुखर अभिव्यक्ति देने वाले देश के रूप में अपनी भूमिका को मजबूत बनाया है। भारत अपनी प्रभावशाली स्थिति का उपयोग विश्व शांति और समृद्धि के विस्तार हेतु करना चाहता है।' स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, 'समावेशी भावना, हमारे सामाजिक जीवन के हर पहलू में दिखाई देती है। अपनी विविधताओं और बहुलताओं के साथ, हम एक राष्ट्र के रूप में, एकजुट होकर, एक साथ, आगे बढ़ रहे हैं।



# तिरंगा हमारी आन-बान-शान का प्रतीक: डॉ. यादव

## स्वतंत्रता दिवस का महत्व हमारे सभी त्यौहारों से अधिक

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि तिरंगा हमारी आन-बान-शान का प्रतीक है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से पूरे देश को देशभक्ति और स्वतंत्रता की भावना में ओत-प्रोत होने का अवसर प्रदान किया है। तिरंगे में विद्यमान चक्र देश की गति को दर्शाता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में हमने देश को विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था में शामिल किया है। देश की शक्ति और विशेष कर युवा सामर्थ्य के माध्यम से हम जल्द ही विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था होंगे। स्वतंत्रता दिवस का महत्व हमारे सभी प्रमुख त्यौहार होली, दिवाली से अधिक है, अतः हर घर में तिरंगा लहराना चाहिए।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत कर्मश्री संस्था द्वारा कोलार रोड स्थित मदर टेरेसा स्कूल से निकाली जा रही तिरंगा यात्रा के शुभारंभ अवसर पर तिरंगा यात्रा के सहभागियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जन-गण-मन के राष्ट्र गान के साथ यात्रा का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जीप में सवार होकर तिरंगा लहराते हुए यात्रा की अगुवाई की। इस अवसर पर विधायक श्री रामेश्वर शर्मा सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी बौद्धिक क्षमता, परिश्रम और दक्षता के आधार पर विकास के पथ पर अग्रसर हैं। प्रदेश ने खेती-किसानों में लगातार प्रगति की है।

# विनेश को सिल्वर मेडल नहीं मिलेगा, कोर्ट ने अपील खारिज की

## 100 ग्राम ओवरवेट होने से फाइनल नहीं खेल पाई थीं

**नई दिल्ली।** विनेश फोगाट को पेरिस ओलिंपिक में सिल्वर मेडल नहीं मिलेगा। कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट्स ने बुधवार, 14 अगस्त को उनकी अपील खारिज कर दी। फोगाट को फाइनल से पहले ओवरवेट होने की वजह से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। इसके बाद उन्होंने इस में अपील की थी।



अपील पर फैसला 16 अगस्त को होना था, लेकिन 14 अगस्त को ही उनकी अपील खारिज कर दी गई। फैसले के बाद भारतीय ओलिंपिक कमेटी की प्रेसिडेंट पीटी उषा ने नाराजगी जताई।

विनेश ने रेसलिंग के 50 किग्रा विमेंस कैटेगरी में लगातार 3 मैच जीतकर फाइनल में जगह बनाई थी। 8 अगस्त को फाइनल होना था, लेकिन मैच से पहले ओलिंपिक कमेटी ने विनेश का वजन 50 किलो से 100 ग्राम ज्यादा होने के कारण रेसलर को डिसक्वालिफाई कर दिया था।

इंडियन ओलिंपिक एसोसिएशन की प्रेसिडेंट पीटी उषा ने सीएएस के नतीजे पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग और इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी के फैसले से उन्हें झटका लगा है। विनेश की अपील के बाद सीएएस ने 9 अगस्त को 3 घंटे तक सुनवाई की। विनेश भी इस दौरान वर्चुअली मौजूद रहीं। भारतीय ओलिंपिक संघ की ओर से सीनियर वकील हरीश साल्वे ने विनेश का पक्ष रखा।

फाइनल मैच से पहले विनेश को 100 ग्राम ज्यादा वजन होने के चलते अयोग्य घोषित कर दिया गया था, जबकि शुरुआती दौर से पहले किए गए वजन में विनेश 50 ग्रम वेट कैटेगरी की तय सीमा से कम थीं। ऐसे में विनेश ने जॉइंट सिल्वर मेडल की मांग की थी।

# मुख्यमंत्री स्वतंत्रता दिवस पर लाल परेड ग्राउण्ड में करेंगे ध्वजारोहण

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 15 अगस्त को लाल परेड मैदान भोपाल में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रातः 9 बजे मुख्य समारोह में ध्वजारोहण कर परेड सलामी लेंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय धुन एवं परेड निरीक्षण होगा। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा प्रदेश की जनता को संदेश दिया जाएगा।

# जम्मू-कश्मीर में आंतकी खतरों को लेकर सरकार अलर्ट

## राजनाथ ने एनएसए-सेना प्रमुख की मौजूदगी में बुलाई बैठक

**नई दिल्ली।** केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में लगातार आंतकी घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। ऐसे में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस विषय में चर्चा करने के लिए आज एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई। अधिकारियों के अनुसार, रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, सैन्य अभियानों के महानिदेशक-लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा और सुरक्षा संबंधी एजेंसियों के प्रमुख बैठक में मौजूद हैं। यह बैठक साउथ ब्लॉक में हो रही है। कल 15 अगस्त यानी स्वतंत्रता दिवस है। इसलिए सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। इससे पहले 10 अगस्त को अनंतनाग में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ के दौरान कम से कम



दो सैनिक और एक नागरिक की मौत हो गई थी। अनंतनाग के कोकेरनाग के जनरल एरिया में भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ द्वारा शुरू किए गए एक संयुक्त अभियान के दौरान मुठभेड़ शुरू हुई थी। इस दौरान हवलदार दीपक कुमार यादव और लांस नायक प्रवीण शर्मा ने अनंतनाग में ड्यूटी करते हुए अपनी जान दे दी। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और भारतीय सेना के सभी रैंकों ने हवलदार दीपक कुमार यादव और लांस नायक प्रवीण शर्मा को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने मुठभेड़ के दौरान अपनी जान गंवा दी।

# 103 गैलेंट्री अवॉर्ड का ऐलान, 4 को कीर्ति और 18 को शौर्य चक्र

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 78वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर बुधवार, 14 अगस्त को सशस्त्र बलों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के कर्मियों के लिए 103 वीरता पुरस्कारों को मंजूरी दी। इनमें 4 कीर्ति चक्र और 18 शौर्य चक्र हैं। 9 पुरस्कार मरणोपरांत दिए गए। वायु सेना के 2 बहादुर जवानों को शौर्य चक्र और 6 जवानों को वायु सेना मेडल दिया गया है।

राष्ट्रपति ने एयरफोर्स के विंग कमांडर वर्नोन डेसमंड कीन वीएम फ्लाइंग (पायलट) को शौर्य चक्र से नवाजा। वहीं, विंग कमांडर जसप्रीत सिंह संधू को वायु सेना मेडल दिया गया है। ये पुरस्कार सैन्य कर्मियों को वीरता और उनके बलिदान के लिए दिए जाते हैं।

**कीर्ति चक्र से सम्मानित 4 जवान**





कर्नल मनप्रीत सिंह, सेना मेडल, सिख लाइट इन्फैंट्री/19वीं बटालियन राष्ट्रीय राइफल्स (मरणोपरांत)। मेजर मल्ला राम गोपाल नायडू, मराठा लाइट इन्फैंट्री/56वीं बटालियन राष्ट्रीय राइफल्स। राइफलमैन रवि कुमार, जम्मू और कश्मीर लाइट इन्फैंट्री/63वीं बटालियन राष्ट्रीय राइफल्स (मरणोपरांत)। पुलिस उपाधीक्षक हिमायूं मुजम्मिल भट, जम्मू और कश्मीर पुलिस, सी/ओ 19वीं बटालियन राष्ट्रीय राइफल्स (मरणोपरांत)।

**शौर्य चक्र पाने वाले 18 जवान**

कर्नल पवन सिंह, 666 आर्मी एविएशन स्क्वाड्रन (आर एंड ओ)। मेजर सीवीएस निखिल, 21वीं बटालियन पैराशूट रेजिमेंट (विशेष बल)। मेजर आशीष धोंचक, एसएम, सिख लाइट इन्फैंट्री/ 19वीं बटालियन राष्ट्रीय राइफल्स (मरणोपरांत)। मेजर त्रिपतप्रीत सिंह, आर्मी सर्विस कॉर्प्स/ 34वीं बटालियन राष्ट्रीय राइफल्स। मेजर साहिल रंधावा, रेजिमेंट तोपखाना/ 34वीं बटालियन राष्ट्रीय राइफल्स। सूबेदार संजीव सिंह जसरोटिया, 5वीं बटालियन जम्मू और कश्मीर राइफल्स। नायब सूबेदार पी. पबिन सिंह, तोपखाना रेजिमेंट/ 56वीं बटालियन राष्ट्रीय राइफल्स। सिपाही प्रदीप सिंह, सिख लाइट इन्फैंट्री/ 19वीं बटालियन राष्ट्रीय राइफल्स (मरणोपरांत)। एसपीओ अब्दुल लतीफ, जम्मू और कश्मीर पुलिस सी/ओ 33वीं बटालियन राष्ट्रीय राइफल्स। कैप्टन शरद सिंसुनवाल (04823-के), कमांडिंग ऑफिसर आईएनएस कोलकाता को मिला।

# राज्यपाल ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी

**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि 15 अगस्त को भारत गौरवशाली आजादी के 77 वर्ष पूरे कर रहा है। हमारी आजादी की लड़ाई लंबी और कठिन थी। इसमें असंख्य बहादुर लोगों ने अपना बलिदान दिया। स्वतंत्रता दिवस उन समस्त महापुरुषों और बलिदानियों को नमन करने का सुअवसर है। उन असंख्य सेनानियों जिन्होंने अपने-अपने तरीकों से भारत को ब्रिटिश शासन से मुक्ति दिलाने में योगदान दिया है। हमें उन सेनानियों के राष्ट्र के लिए त्याग और बलिदान से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने युवा पीढ़ी का आहवान किया कि देश की एकता और अखंडता को मजबूत बनाने में राष्ट्र प्रथम के भाव और भावनाओं के साथ अपने कर्तव्यों का ईमानदारी और निष्ठा के साथ पालन करें।

### शुभकामना

स्वतंता दिवस के अवसर पर सभी पाठक बन्धुओं, विज्ञापनदाताओं, शुभ चिंतकों, समाचार पत्र विक्रेताओं को हार्दिक शुभकामनाएं।

-संपादक


### अवकाश सूचना

स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर विंध्य टाइगर परिवार अवकाश पर रहेगा। अतः अगला अंक 17 अगस्त को प्रकाशित होगा।

-व्यवस्थापक

# केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में बुधवार (14 अगस्त) को शराब नीति केस से जुड़े सीबीआई केस में केजरीवाल की 2 याचिकाओं पर सुनवाई हुई। पहली याचिका- सीबीआई मामले में अंतरिम जमानत को लेकर थी। कोर्ट ने जमानत देने पर इनकार कर दिया। दूसरी याचिका- सीबीआई की गिरफ्तारी के खिलाफ थी। जिस पर कोर्ट ने जांच एजेंसी को नोटिस जारी करके 23 अगस्त तक जवाब मांगा है। मामले पर अगली सुनवाई 23 अगस्त को होगी। केजरीवाल फिलहाल तिहाड़ जेल में बंद हैं। इससे पहले दिल्ली हाईकोर्ट ने 5 अगस्त को अरविंद केजरीवाल की सीबीआई की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी थी। साथ ही जमानत याचिका के लिए निचली अदालत जाने को कहा था।









स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएँ



**जनार्दन मिश्र**

सांसद, रीवा लोकसभा क्षेत्र

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएँ



**अभय मिश्रा**

विधायक सेमरिया, जिला रीवा

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएँ



**दिव्यराज सिंह**

विधायक सिरमौर, जिला रीवा

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएँ



**नागेन्द्र सिंह**

विधायक गुढ़, जिला रीवा

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर सभी देशवासियों, ईष्टमित्रों, शुभचिंतकों को

हार्दिक शुभकामनाएं



**रामसज्जन शुक्ला**

सिरमौर, रीवा

भवन,सड़क,ब्रिज एवं नहर निर्माण कार्यों के विशेषज्ञ

रीवा कार्यालयः जनता कालेज मोड के पास अनंतपुर रीवा

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएँ



**के.डी. सिंह**

वरिष्ठ संविदाकार, रीवा

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएँ



**अनलपाल सिंह**

वरिष्ठ संविदाकार, रीवा


स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएँ



**राजेन्द्र शर्मा**

अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण, रीवा

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएँ




**मिनर्वा द मेडिसिटी सुपर स्पेशलिटी**

पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएँ




**विंध्या हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर**

पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएँ



**के.के. सोहगौरा**

वरिष्ठ संविदाकार, रीवा

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएँ



**डॉ. ईशान गोयल**

अग्रवाल नर्सिंग होम, खुटेही रीवा

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएँ

**मुनिराज पटेल**

वरिष्ठ भाजपा नेता, गुढ़ रीवा

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर सभी नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएँ



**शंकर नर्सिंग होम एवं स्पेशलिटी हॉस्पिटल**

उर्रहट, रीवा

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**

**जी.पी. मिश्रा**

महा प्रबंधक

प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क, रीवा

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**

**वासिम खान**

कार्यपालन यंत्री

ब्रिज कार्पोरेशन रीवा

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**

**दीपमाला तिवारी**

उप संचालक/ खनिज अधिकारी, रीवा

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**

**संजय सिंह**

सीएमओ

नगर परिषद चाकघाट/ त्यौंथर

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**

**डॉ. संजीव शुक्ला**

संयुक्त संचालक

स्वास्थ्य सेवायें, रीवा

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**

**के.एल. नामदेव**

सीएमएचओ

स्वास्थ्य विभाग, रीवा

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



**हरिशंकर मिश्र**
कार्यपालन यंत्री
नगरीय प्रशासन विभाग, रीवा

---

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



**यू.बी. बागरी**
उप संचालक कृषि, रीवा

---

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



**नगर परिषद सिरमौर**
जिला रीवा (म.प्र.)

संदीप सिंह
अध्यक्ष

संतोष कुमार सिंह
सीएमओ

---

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



**नगर परिषद बैकुण्ठपुर**

संजय सिंह
सीएमओ

श्रीमती मीना गुप्ता
अध्यक्ष

---

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर सभी देशवासियों, ईष्टमित्रों, शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं

**नगर परिषद मनगवां**
**जिला रीवा**





श्रीमती बुटला बंसल
अध्यक्ष



प्रमोद उर्मलिया
उपाध्यक्ष



सुरेश कुमार सोनवानी
सीएमओ

---

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर सभी देशवासियों, ईष्टमित्रों, शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं

**नगर परिषद मऊगंज**
जिला मऊगंज

1. सभी नगरवासी नगर परिषद के समस्त करों का भुगतान समय पर करें।
2. नगरीय क्षेत्रांतर्गत माकान, दुकान, होटल इत्यादि का निर्माण निकाय की अनुमति पश्चात ही करें।
3. गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग करके ही कचरा गाड़ी में डाले।
4. प्लास्टिक पॉलीथीन का प्रयोग न करें।
5. अपने जन्मदिन पर एक वृक्ष अवश्य लगायें।

बृजवासी पटेल
अध्यक्ष

महेश पटेल
सीएमओ

---

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



**आर.एन. पटेल**
प्राचार्य
शिक्षा महाविद्यालय, रीवा

---

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



**आदित्य सिंह**
कार्यपालन यंत्री (वि./यां)
जल संसाधन विभाग, रीवा

---

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



**जे.एस. बघेल**
मुख्य अभियंता
पीडब्ल्यूडी (पीआईयू), रीवा

---

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



**टी.पी. गुरूद्वान**
कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग क्रमांक 1, रीवा

---

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



**विंध्या पब्लिक स्कूल**
अनन्तपुर रीवा
मृत्युंजय मिश्रा
संचालक

---

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



**ओ.एन. मिश्रा**
एसडीओ रीवा-1
पीडब्ल्यूडी, रीवा

---

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



**अरुण कुमार त्यागी**
सीएमओ
नगर परिषद हनुमना (म.प्र.)

---

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



**हेमन्त त्रिपाठी**
सीएमओ
नगर परिषद नईगढ़ी

---

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



**शेषमणि शुक्ला**
प्राचार्य
नवीन विज्ञान महाविद्यालय, रीवा

---

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



**संजय पाण्डेय**
कार्यपालन यंत्री
पीएचईडी रीवा

---

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



**डी.एल. कनेल**
कार्यपालन यंत्री
पीएचईडी, मैकेनिकल संभाग रीवा

---

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



**विनय श्रीवास्तव**
कार्यपालन यंत्री
पीडब्ल्यूडी (ई/एम) रीवा

---

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



**एम.के. द्विवेदी**
कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग रीवा

## संपादकीय

# बेहतर हुए रिश्ते

विदेश मंत्री एस जयशंकर की पिछले सप्ताह हुई मालदीव यात्रा के दौरान वहां राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू का जैसा दोस्ताना रवैया दिखा, उसे भावनात्मक राजनीति के तकाजों पर कूटनीति की ठोस हकीकतों की जीत के रूप में रेखांकित किया जा सकता है। पिछले करीब एक साल की अवधि में दोनों देशों के रिश्तों ने तो हिचकोले खाए ही, एक देश के रूप में भी मालदीव कई कड़वे अनुभवों से गुजरा। इस प्रकरण की शुरुआत पिछले साल होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से मानी जा सकती है जिसमें एक प्रत्याशी के तौर पर मुइज्जू ने भारत विरोधी भावनाओं पर दांव लगाया था। वह बार-बार सार्वजनिक तौर पर यह संकल्प करते देखे गए कि सत्ता में पहुंचते ही भारतीय सैनिकों को मालदीव से विदा कर देंगे। हालांकि सबको पता था कि भारतीय सैनिकों की वहां मौजूदगी सांकेतिक ही थी चुनावों के दौरान ही यह साफ हो गया था कि मुइज्जू भारत के साथ रिश्तों में आ रही संभावित दूरी की भरपाई चीन से करीबी रिश्तों के रूप में करना चाहते हैं। हालांकि एक्सपर्ट्स तब भी इस बात की ओर ध्यान खींच रहे थे कि भू-राजनीति की वास्तविकताओं के मद्देनजर यह संभव नहीं है कि मालदीव में जो भूमिका भारत निभा सकता है, वह चीन निभाने लगे। राष्ट्रपति पद ग्रहण करने के बाद मुइज्जू के बयानों में हलकी सी नरमी जरूर दिखी, लेकिन नीतियों की दिशा बदलने का प्रयास भी जारी रहा। चुनावों के दौरान बने माहौल का असर ही कहिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लक्षद्वीप यात्रा को लेकर मालदीव के एकाधिक मंत्रियों ने सार्वजनिक मंचों से ऐसी टिप्पणियां कीं, जिनसे दोनों देशों के रिश्तों में धीरे-धीरे बनता तनाव अचानक बेकाबू हो गया। सोशल मीडिया पर 'बॉयकॉट मालदीव' का हैशटैग ट्रेंड करने लगा। मालदीव की नई सरकार के रुख को देखते हुए भारत ने भी वेट एंड वॉच की पॉलिसी अख्तियार कर ली। नतीजा यह हुआ कि भारत से छुट्टियां बिताने मालदीव जाने वाले टूरिस्टों की संख्या कम होने लगी। इस साल के शुरुआती चार महीनों की अवधि में वहां भारतीय टूरिस्टों की संख्या में 42त्न की कटौती दर्ज की गई। ध्यान रहे, मालदीव की त्नष्ठक्क में टूरिज्म का योगदान 30 प्रतिशत है। इतना ही नहीं, भारत के सहयोग से चलने वाले इन्फ्रा प्रॉजेक्ट्स और हेल्थ, एजुकेशन और कृषि क्षेत्रों से जुड़े कई प्रॉजेक्ट्स का भविष्य भी अधर में लटका दिखाई देने लगा।

# अखंड भारत ही बनेगा विश्व गुरु

**वर्तमान में जब कहीं से भी देश को तोड़ने की बात आती है तो स्वाभाविक रूप से उसका प्रतिकार भी जबरदस्त तरीके से होता है। यह प्रतिकार निश्चित रूप से उस राष्ट्रभक्ति का परिचायक है, जो इस भारत देश को देवभूमि भारत के रूप में प्रतिस्थापित करने का प्रमाण प्रस्तुत करने का अतुलनीय सामर्थ्य रखती है। यह आज के समय की बात है, लेकिन हम उस काल खंड का अध्ययन करें, जब भारत के विभाजन हुए। उस समय के भारतीयों के मन में विभाजन का असहनीय दर्द हुआ। जो असहनीय पीड़ा के रूप में उनके जीवन में प्रदर्शित होता रहा और देश को जगाते जगाते वे परलोक गमन कर गए। अभी तक भारत देश के सात विभाजन हो चुके हैं। जरा कल्पना कीजिए कि अगर आज भारत अखंड होता तो वह दुनिया की महाशक्ति होता। उसके पास मानव के रूप में जनशक्ति का प्रवाह होता। लेकिन विदेशी शक्तियों ने भारत के कुछ महत्वाकांक्षी शासकों को प्रलोभन देकर भारत पर एकाधिकार किया और योजना पूर्वक भारत को कमजोर करने का प्रयास किया। आज जिस भारत की तस्वीर हम देखते हैं, वह अंग्रेजों और उन जैसी मानसिकता रखने वाले लालची भारतीयों द्वारा किए गए कुकृत्यों का परिणाम ही है, लेकिन आज भी भारत में एक वर्ग ऐसा भी है, जिनकी आंखों में अखंड भारत का सपना है।**

सुरेश हिंदुस्तानी

भारत के मनीषी और राष्ट्र के साथ एकात्म भाव रखने वाले महर्षि अरविंद ने विभाजन के असहनीय दर्द को आम जन की दृष्टि से देखने का आध्यात्मिक प्रयास किया। तब उनकी आंखों के सामने अखंड भारत का स्वरूप दिखाई दिया।

वर्तमान में जब कहीं से भी देश को तोडऩे की बात आती है तो स्वाभाविक रूप से उसका प्रतिकार भी जबरदस्त तरीके से होता है। यह प्रतिकार निश्चित रूप से उस राष्ट्रभक्ति का परिचायक है, जो इस भारत देश को देवभूमि भारत के रूप में प्रतिस्थापित करने का प्रमाण प्रस्तुत करने का अतुलनीय सामर्थ्य रखती है। यह आज के समय की बात है, लेकिन हम उस काल खंड का अध्ययन करें, जब भारत के विभाजन हुए। उस समय के भारतीयों के मन में विभाजन का असहनीय दर्द हुआ। जो असहनीय पीड़ा के रूप में उनके जीवन में प्रदर्शित होता रहा और देश को जगाते जगाते वे परलोक गमन कर गए। अभी तक भारत देश के सात विभाजन हो चुके हैं। जरा कल्पना कीजिए कि अगर आज भारत अखंड होता तो वह दुनिया की महाशक्ति होता। उसके पास मानव के रूप में जनशक्ति का प्रवाह होता। लेकिन विदेशी शक्तियों ने भारत के कुछ महत्वाकांक्षी शासकों को प्रलोभन देकर भारत पर एकाधिकार किया और योजना पूर्वक भारत को कमजोर करने का प्रयास किया। आज जिस भारत की तस्वीर हम देखते हैं, वह अंग्रेजों और उन जैसी मानसिकता रखने वाले लालची भारतीयों द्वारा किए गए कुकृत्यों का परिणाम ही है, लेकिन आज भी भारत में एक वर्ग ऐसा भी है, जिनकी आंखों में अखंड भारत का सपना है। उनके मन में अखंड भारत बनाने का संकल्प है। इसी संकल्प के आधार पर वे सभी इस दिशा में सार्थक प्रयास भी कर रहे हैं।

भारत के मनीषी और राष्ट्र के साथ एकात्म भाव रखने वाले महर्षि अरविंद ने विभाजन के असहनीय दर्द को आम जन की दृष्टि से देखने का आध्यात्मिक प्रयास किया। तब उनकी आंखों के सामने अखंड भारत का स्वरूप दिखाई दिया। योगीराज महर्षि अरविंद ने 67 वर्ष पूर्व 1957 में कहा था कि देर कितनी भी हो




जाए, पाकिस्तान का विघटन और उसका भारत में विलय होना निश्चित है। राष्ट्र के प्रति इसी प्रकार का एकात्म भाव राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर उपाख्य श्रीगुरुजी के जीवन में भी दृष्टव्य होता रहा। वे अपने शरीर को भारत देश की प्रतिकृति ही मानते थे। जब भी देश पर कोई संकट आता था, तब उनके शरीर में वैसा ही कष्ट होता था। इसलिए कहा जा सकता है कि उनको राष्ट्र की समस्याओं का पूर्व आभास भी होता था। जहां तक अखंड भारत की बात है तो यह मात्र कहने भर के लिए ही नहीं, बल्कि एक शाश्वत विचार है, जो आज भी भारत की हवाओं में गुंजायमान होता रहता है।

विचार करने वाली बात यह भी है कि जब भारत देश के टुकड़े नहीं हुए थे, तब हमारा देश पूरे विश्व में ज्ञान का आलोक प्रवाहित कर रहा था। विश्व का सर्वश्रेष्ठ ज्ञान भारत के संत मनीषियों के पास विद्यमान था। इसलिए भारत के सिद्ध संत केवल भारत के संत न होकर जगद्गुरू के नाम से विख्यात हुए। उनकी दृष्टि में पूरा विश्व एक परिवार की तरह ही था। लेकिन ऐसा क्या हुआ कि भारत कई बार विभाजित होता रहा और आज जो भारत दिखाई देता है, वह भारत का एक टुकड़ा भर है।

भारत के विभाजन का अध्ययन किया जाए तो हमें यह भी ध्यान में रखना होगा कि यह विभाजन भारत की भूमि के टुकड़े करके ही हुए हैं। जिस भारत को हम माता के स्वरूप में पूजते आए हैं, उसे कम से कम वे लोग तो स्वीकार नहीं कर सकते, जो भारत की भक्ति में लीन हैं। इतिहास का अध्ययन करने से पता चलता है कि महाभारत कालीन गांधार देश यानी आज का अफगानिस्तान वर्ष 1747 में भारत से अलग हो गया। इसी प्रकार 1768 से पूर्व नेपाल भी भारत का अंग ही था। 1907 में भारत से अलग होकर भूटान देश बना। 1947 में पाकिस्तान का निर्माण हुआ। 1948 में श्रीलंका अस्तित्व में आया। इसी प्रकार पाकिस्तान के साथ अलग हुए बांगलादेश 1971 में एक अलग देश के रूप में स्थापित हुआ। जरा विचार कीजिए ये सभी देश आज भारत का हिस्सा होते तो भारत की शक्ति कितनी होती आज कोई अखंड भारत की बात करता है तो कई लोग इसे असंभव कहने में संकोच नहीं करते। यहां पहली बात तो यह है कि हम किसी देश को छीनने की बात नहीं कर रहे हैं, बल्कि अपने देश के विभाजित भाग को भारत में मिलाने की ही बात कर रहे हैं। कभी भारत के हिस्से रहे देश को भारत में मिलाने की बात करना असंभव नहीं माना जा सकता। आज धीरे ही सही, लेकिन भारत उस दिशा की ओर प्रवृत हुआ है। जबकि जो देश भारत से अलग हुए हैं, उनमें से अधिकांश देश बहुत बुरे दौर से गुजर रहे हैं। श्रीलंका की स्थिति सबके सामने आ चुकी है। पाकिस्तान भी उसी राह पर बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। बांगलादेश में भुखमरी के हालात हैं। अफगानिस्तान खौफ के वातावरण में जी रहा है। सवाल यह उठता है कि इन देशों को भारत से अलग होने के बाद क्या मिला कुछ नहीं।

वर्तमान में भारत में राष्ट्रीय एकता का भाव भी है तो भारत की संस्कृति का प्रवाह भी। भारतीय संस्कृति सबको जोडऩे का प्रयास करती है, जबकि अन्य संस्कृति में विश्व बंधुत्व का भाव नहीं है। इसलिए यह कहा जा सकता है कि भारतीय संस्कृति के माध्यम से पूरे विश्व को एक ऐसी दिशा का बोध कराया जा सकता है, जहां शांति भी है और प्रगति के रास्ते भी हैं। अब इस दिशा में और अधिक तेजी से कदम बढ़ाने की आवश्यकता है। इसके लिए अब समय अनुकूल है। इसलिए सभी भारतीय नागरिक इस दिशा में आगे आकर उस प्रवाह में शामिल होने का प्रयास करें, जो भारत को अखंड बनाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। अखंड भारत की संकल्पना जहां भारत को ठोस आधार प्रदान करने में सहायक होगा, वहीं यही आधार भारत को पुन- विश्व गुरू के सिंहासन पर आसीन करेगा, यह तय है।

# दुनिया में हुए युवा आंदोलनों को याद करने की जरूरत

**नए दौर का जिक्र यहां इसलिए जरूरी है कि इंटरनेट, मोबाइल फोन और सोशल मीडिया के आगमन के बाद का यह पहला बड़ा आंदोलन था, जो एक साथ कई देशों में फैला। तकनीक ने देश की सीमाओं से परे लोगों को आपस में जुड़ने का मौका दे दिया था। इनसे लोगों को लामबंद किया गया, धरना स्थलों तक खींच लाया गया और जो नहीं पहुंच सके, वे लाइक, कमेंट और फॉरवर्ड से भागीदार बनते रहे। इस सबका असर भी दिखा। कई देशों के शासनाध्यक्षों को गद्दी छोड़नी पड़ी। कई राजाओं ने अपनी गद्दी तो नहीं छोड़ी, लेकिन उन्हें प्रधानमंत्रियों को बर्खास्त करना पड़ा। तमाम जगहों पर सरकारें भंग की गईं और नए सिरे से चुनाव कराए गए।**

(हरजिंदर, वरिष्ठ पत्रकार)

गुजरात के नवनिर्माण आंदोलन और बिहार के संपूर्ण क्रांति आंदोलन के जब 50 वर्ष पूरे हो रहे हैं, तब कई देशों में हुए एक और युवा आंदोलन को याद करना जरूरी है, जिसके घटनाक्रम अब भी हमारी स्मृतियों में ताजा हैं। चंद महीनों बाद उस आंदोलन के 15 साल पूरे हो जाएंगे, जिसे हम 'अरब प्रिंग' के नाम से जानते हैं। ट्यूनीशिया से शुरू हुआ यह आंदोलन जब एक के बाद एक पश्चिम एशिया के तमाम देशों में फैलने लगा, तो पूरी दुनिया की खैर-खबर रखने वाले तकरीबन सभी आलिम-फाजिल दांतों तले उंगली दबाने को मजबूर थे। लीबिया, मिस्र, यमन, सीरिया, बहरीन जैसे देशों में नौजवान सड़कों पर आ चुके थे। वे तानाशाही की तमाम पाबंदियां हटाने और मानवाधिकार देने की मांग कर रहे थे। यह हवा इतनी तेज थी कि मोरक्को, इराक, अल्जीरिया, लेबनान, जॉर्डन, कुवैत, ओमान, सूडान और यहां तक कि सऊदी अरब में भी इसके झोंके महूसस किए गए। आंदोलन का भूगोल भले ही सीमित रहा हो, लेकिन इसने दुनिया के तानाशाहों और लोकतांत्रिक ताकतों को यह संदेश दे दिया था कि इस नए दौर में पुराने तौर-तरीकों से नौजवान पीढ़ी को ज्यादा समय तक भरमाए नहीं रखा जा सकता।

नए दौर का जिक्र यहां इसलिए जरूरी है कि इंटरनेट, मोबाइल फोन और सोशल मीडिया के आगमन के बाद का यह पहला बड़ा आंदोलन था, जो एक साथ कई देशों में फैला। तकनीक ने देश की सीमाओं से परे लोगों को आपस में जुड़ने का मौका दे दिया था। इनसे लोगों को लामबंद किया गया, धरना स्थलों तक खींच लाया गया और जो नहीं पहुंच सके, वे लाइक, कमेंट और फॉरवर्ड से भागीदार बनते रहे।



इस सबका असर भी दिखा। कई देशों के शासनाध्यक्षों को गद्दी छोड़नी पड़ी। कई राजाओं ने अपनी गद्दी तो नहीं छोड़ी, लेकिन उन्हें प्रधानमंत्रियों को बर्खास्त करना पड़ा। तमाम जगहों पर सरकारें भंग की गईं और नए सिरे से चुनाव कराए गए।

मगर इन सबके बाद क्या रक्तहीन क्रांति की बात करने वाले इन देशों के नौजवानों ने वह हासिल कर लिया, जिसके लिए वे सड़कों पर निकले थे इसका जवाब पाने के लिए हमें अमेरिकी थिंक टैंक 'कौंसिल ऑन फॉरेन रिलेशन' के एक अध्ययन को देखना होगा। यह अध्ययन बताता है कि इन सबमें ट्यूनीशिया एकमात्र ऐसा देश है, जहां लोकतंत्र स्थापित हुआ। बाकी सभी देशों में तानाशाही जैसी थी, कम या ज्यादा वैसी ही बनी रही। अपवाद सिर्फ मिस्र और सीरिया को कह सकते हैं, जहां सत्ता पहले से ज्यादा सख्त हो गई। तमाम देशों में लोगों के अधिकार कम कर दिए गए और उनके जीवन-स्तर में भी कोई खास सुधार नहीं हुआ। यहां तक कि ट्यूनीशिया में भी, जहां लोकतंत्र काफी हद तक स्थापित हो चुका था। युवा आंदोलनों के बारे में अक्सर यह कहा जाता है कि वे बेरोजगारी की कुंठा से उपजते हैं। इलाज भी यही बताया जाता है कि नौजवानों को काम में लगाकर घर-गृहस्थी में उलझा दो, तो वे सड़कों पर नहीं निकलेंगे। यह धारणा कितनी सही है और कितनी नहीं, इस विस्तार में जाए बिना अगर हम 'अरब क्रांति' के दौरान आंदोलित देशों को देखें, तो आंदोलन के बाद भी वहां की सरकारों ने इस इलाज को अपनाने की या तो कोशिश नहीं की या फिर इसमें सफलता हासिल नहीं की। ज्यादातर देशों में बेरोजगारी दर कम या ज्यादा वैसी ही बनी रही, जैसी वह पहले थी।

हम अरब देशों की इस क्रांति को तब याद कर रहे हैं, जब हमारे पड़ोस बांग्लादेश में युवा उबाल का एक अन्य रूप हमने अभी देखा है। चंद हफ्तों के युवा आंदोलन ने 15 साल से जमी-जमाई उस सरकार को उखाड़ फेंका, जो आई तो लोकतंत्र के दरवाजे से थी, लेकिन पूरे देश को तानाशाही की गहरी गुफाओं में ले गई। इस आंदोलन का स्वागत किया जाना चाहिए, पर अरब प्रिंग के सबक यहां हमें आशंकित करते हैं। डर है कि ये नौजवान जितना हासिल करने के लिए घर से निकले हैं, कहीं उससे ज्यादा वे खो न दें। इस डर का कारण भी है। सत्ता में बदलाव के बाद वहां जिस तरह से हिंसा हो रही है, सांप्रदायिक तत्वों को खेलने का मौका मिला है और अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जा रहा है, वह भविष्य को लेकर कोई उम्मीद नहीं बनाता। क्या पश्चिम एशिया के नौजवानों की तरह ही बांग्लादेश के नौजवानों को भी एक अंधेरे के बदले दूसरा अंधेरा मिलेगा( ये लेखक के अपने विचार हैं)

## वर्ग पहेली 5462



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 29 सितंबर 1650 को इस देश में पहले मैरिज ब्यूरो की शुरूआत हुई (3)
3. एक निषाध जिसने गुरू द्रोणाचार्य की मूर्ति को गुरू मानकर शास्त्राभ्यास किया और पारंगत हुआ (4)
6. चलचित्र दिखाने का पर्दा (5)
7. मार्ग, रास्ता, कटखरा (2)
10. नारी का अपभ्रंश, नर का आध्यात्मिक (2)
11. प्रतिष्ठा, इज्जत, आबरू (2)
13. आहुति के रूप में दिया हुआ (2)
14. किसी का हक या अधिकार मारा जाना, स्वत्व हानि (उर्दू)(5)
15. जल की बूंद, पसीने की बूंद, राजस्थान का एक शहर (3)
16. गुलाम, नौकर, सेवक (2)
17. समाधि, कब्र (उर्दू)(3)
19. देखने वाला, दर्शक, एक कर्मचारी (उर्दू) (3)
21. पुराणानसुार सात पातालों में से एक पाताल का नाम (4)
22. वस्तु, पदार्थ, द्रव्य, चीज (उर्दू) (1)

**ऊपर से नीचे**

1. यह सुप्रसिद्ध स्वर साम्राज्ञी लता मंगेशकर की जन्म स्थली है (3)
2. भयभीत होना, खौफजदा होना (3)
3. भरोसा करना, विश्वास करना (7)
4. छल, धोखा, बनावटी व्यवहार (3)
5. बालों का वह गुच्छा जो गाल पर लटके केशलता (2)
8. मानता, मनौति, संकल्प (3)
10. व्यर्थ, बेफिजूल, बेमतलब (3)
11. जिसके पास अपार संपत्ति हो, रईस (4)
12. उत्तम, सर्वश्रेष्ठ, बढ़िया (उर्दू)(3)
13. शासन, अवधि, राज्यकाल (4)
15. आदत, स्वभाव, अख्लाक, सवानेह उम्री (उर्दू) (3)
18. मकड़ी द्वारा बुना हुआ जाल (2)
20. चर्चा, प्रसंग, संक्षिप्त कथन (2)

### वर्ग पहेली 5461 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भ | ग | त | सिं | ह | | र | द |
| रो | ज | | ह | म | स | फ | री |
| से | | र | | शौ | क | | चा |
| मं | | ह | ला | ह | ल | | |
| द | र | मा | | र | | दा | सी |
| | म | न | का | | पा | व | न |
| प्रा | णी | | हि | दा | य | त | |
| क | क | ह | रा | | ल | | पौ |

# 'शहीद से लेकर 1942 लव स्टोरी' तक, जब देश से प्रेम के लिए कुर्बान हुआ नायक

(रिकी तिवारी)

15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के रूप में सेलिब्रेट किया जाता है। इस मौके पर हम आपको उन फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं जिनकी कहानी आजादी के इर्द-गिर्द घूमती है। बॉलीवुड की कई फिल्मों में भले ही जॉनर अलग हों लेकिन बैकग्राउंड में कहानी आजादी की दिखाई गई है। इस लिस्ट में शुमार एक फिल्म सुपर-डुपर हिट हुई थी। सालों की लड़ाई और सैकड़ों कुर्बानियों के बाद 15 अगस्त 1947 को ब्रिटिश हुकूमत से देश आजाद हुआ था। ब्रिटिश के खिलाड़ लड़कर देशवासियों ने आजादी हासिल की थी। देश की आजादी को 78 साल होने जा रहे हैं। इस मौके पर कहानी उन फिल्मों की, जिसमें आजादी की जंग दिखाई गई। फिल्मों में आपने कई फ्रीडम फाइटर या आजादी की कहानी देखी होगी, लेकिन इस आर्टिकल में हम आपको उन फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं जिसका जॉनर बेशक अलग हो, लेकिन बैकग्राउंड की कहानी ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ जंग की दिखाई गई।

**शहीद-1948-** आजादी के ठीक एक साल बाद रमेश सहगल शहीद फिल्म लेकर आये। फिल्म की कहानी एक ऐसे फ्रीडम फाइटर राम (दिलीप कुमार) की है, जो देश की आजादी के लिए लड़ता है लेकिन इसी वक्त उसे शैला नाम की लड़की (कामिनी कौशल) से इश्क हो गया था। यह 1948 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म थी।

**क्रांति -1981)-** सलीम-जावेद की लिखी फिल्म क्रांति भी ब्रिटिश के खिलाफ लड़ाई की काल्पनिक कहानी है।किस तरह सांगा (दिलीप कुमार) और भरत (मनोज कुमार) अंग्रेजों के अत्याचारों के खिलाफ क्रांति लाते हैं, फिल्म में यही दिखाया गया है। कल्ट कही जाने वाली यह फिल्म गोल्डन जुबिली हिट साबित हुई थी। यह अब तक की टॉप 10 सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्मों में से एक है। फिल्म में परवीन बाबी, शशि कपूर, शत्रुघ्न सिन्हा और हेमा मालिनी जैसे कलाकार भी थे।

**देश प्रेमी -1982-** मनमोहन देसाई निर्देशित अमिताभ बच्चन की फिल्म देश प्रेमी में दिखाया गया है कि लोगों में आजादी के बाद देश प्रेम कम हो गया है। एक शख्स जिसने देश को आजाद कराने में भूमिका निभाई है, उस पर ही देश के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगता है। फिल्म में हेमा मालिनी, शर्मिला टैगोर, परवीन बाबी, शम्मी कपूर और प्रेमनाथ जैसे कलाकार अहम भूमिका में हैं।

**1942 ए लव स्टोरी -1994-** विधु विनोद चोपड़ा के निर्देशन में बनी फिल्म 1942- ए लव स्टोरी भी 1942 में सेट की गई है, जब भारतीय ब्रिटिश हुकूमत को कम करने में लगे हुए थे। ब्रिटिश के खिलाफ लड़ाई के बीच अनिल कपूर को मनीषा कोइराला से इश्क हो जाता है। फिल्म में जैकी श्रॉफ और अनुपम खेर भी अहम भूमिका में थे।

**रंग दे बसंती - 2006-** साल 2006 में रिलीज हुई फिल्म रंग दे बसंती भले एक म्यूजिकल थ्रिलर है, लेकिन कहानी भगत सिंह और राजगुरु जैसे क्रांतिकारियों से प्रेरित है। इन क्रांतिकारियों का रास्ता अपनाकर किस तरह दोस्त अजय (आर माधवन) की सच्चाई लाते हैं, कहानी इसी के इर्द-गिर्द घूमती है।

# आज का राशिफल

### मेष

करियर के मामले में लाभ होगा और आपके लिए सम्मान में वृद्धि के योग बने हैं। आपको सम्मान में वृद्धि के योग हैं और आपका पूरा दिन परोपकार में बीतेगा। कार्यक्षेत्र में भी आपके पक्ष में कुछ परिवर्तन हो सकते हैं और लोगों को इससे खुशी होगी। आप अपने अच्छे व्यवहार से लोगों का दिल जीत लेंगे और आपके धन में वृद्धि होने से मन काफी प्रसन्न होगा।

### वृषभ

आज करियर के मामले में दिन सफलता से भरा होगा। आपको दोपकर में कोई खुशी का समाचार मिलेगा और भाग्य आपका साथ देगा। सेहत के प्रति सतर्क रहें और अपने काम पर फोकस करें। शाम के समय आपके घर में कोई मेहमान आ सकता है और उसके साथ बातचीत करने पर आपका मन भी हल्का होगा।

### तुला

आज दिन सफलता से भरा होगा और आपको शिक्षा व प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि प्राप्त होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा। आय के नए स्रोत बनेंगे और आपको वाक्पटुता से विशेष सम्मान की प्राप्ति होगी। भागदौड़ अधिक होने की वजह से आपकी सेहत पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है।

### वृश्चिक

आज लाभ का दिन है। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होकर आपके धन, सम्मान में वृद्धि होगी और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। रुका हुआ कार्य सिद्ध होगा और प्रियजनों ने प्रियजनों से भेंट होगी। वाणी पर संयम न रखने से विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

### मिथुन

आज करियर में लाभ के योग बन रहे हैं। आपको पिता के आशीर्वाद और उच्चाधिकारियों की कृपा से सम्मान की प्राप्ति होगी और आप किसी बहुमूल्य वस्तु की खरीद भी कर सकते हैं। आपके लिए संपत्ति पाने की अभिलाषा पूरी होगी और मन काफी प्रसन्न रहेगा।

### कर्क

आज लाभ के योग हैं और आपको उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के योग हैं। अकस्मात बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति होने आपके कोष में वृद्धि होगी। व्यावसायिक योजनाओं को गति मिलेगी और आपके लिए सम्मान में वृद्धि के योग हैं। मान प्रतिष्ठा की वृद्धि होगी।

### धनु

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आप परिवार के लोगों के साथ शॉपिंग करने जा सकते हैं। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी और आपको सहयोगियों से विवाद झेलने पड़ सकते हैं। तनाव बढ़ सकता है। बेहतर होगा कि आप धन के लेनदेन में सावधानी बरतें, वरना आपका पैसा फंस सकता है।

### मकर

आज आपके सम्मान में वृद्धि होने के योग हैं। आर्थिक स्थिति पहले की तुलना में आपके लिए अच्छी होगी। व्यवसाय परिवर्तन की योजना बन रही है। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता और पारिवारिक उत्तरदायित्व पूर्ण होंगे। शाम का वक्त परिवार के साथ सैर सपाटे और मौज में कटेगा।

### सिंह

आज लाभ होगा और आपको हर मामले में आशा के अनुसार परिणाम मिलेंगे। संतान के प्रति दायित्व की पूर्ति होगी और भाग्य आपका साथ देगा। प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे और आपके रुके कार्य पूर्ण होने से आपका मन खुश रहेगा। शाम से लेकर रात का समय परिवार के लोगों के साथ आनंद में बीतेगा।

### कन्या

आज करियर के मामले में लाभ होगा और भाग्य आपका साथ देगा। आपको स्वजनों से सुख मिलेगा और पारिवारिक मंगल कार्य के पूर्ण होने से खुशी होगी। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा। विपरीत परिस्थिति उत्पन्न होने पर क्रोध पर काबू रखें और अपनी भावनाएं दूसरों के सामने व्यक्त न करें।

### कुंभ

आज दिन फायदे का है और आपको काफी दौड़भाग करनी पड़ सकती है। अचानक से आपके लिए अधिक खर्चे की स्थिति आ सकती है। किसी संपत्ति के क्रय विक्रय के समय उसके सभी कानूनी पहलुओं के बारे में जांच लें। शाम के वक्त आपको लाभ होगा और कुछ वक्त परिवार के लोगों के साथ आराम से बिताएंगे।

### मीन

आज लाभ होगा और आपका वैवाहिक जीवन आनंद में बीतेगा। आस पास की यात्रा पर जाना पड़ सकता है और उसमें आपको लाभ होगा। बिजनस में बढ़ती प्रोग्रेस से काफी खुशी होगी। विद्यार्थियों को मानसिक बौद्धिक भार से छुटकारा मिलेगा। शाम के वक्त घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### शिवराज की स्कीम अपना रहे कई राज्य, चुनाव से पहले लाडली बहना योजना की बहार



**नईदिल्ली, एजेंसी।** बीते साल मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव से पहले माना जा रहा था कि भाजपा की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। लेकिन जब नतीजे आए तो उसने ऐतिहासिक प्रदर्शन किया। 48 फीसदी से ज्यादा वोट हासिल करते हुए भाजपा ने कुल 163 सीटों पर जीत हासिल की। इन शानदार नतीजों के पीछे पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान की ओर से घोषित की गई लाडली बहना योजना का योगदान माना गया था। उन्होंने महिलाओं को हर महीने 1250 रुपये की रकम देने का वादा किया था। इस स्कीम के ऐलान से महिलाओं पर बड़ा असर हुआ और भाजपा को बड़ी जीत मिली। भले ही शिवराज सिंह चौहान को फिर से सीएम नहीं बनाया गया, लेकिन इस स्कीम का श्रेय उन्हें ही मिलता रहा है। अब इस स्कीम को कई राज्य दोहरा रहे हैं। खासतौर पर चुनावी राज्यों में ऐसी स्कीम की बहार है। महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे सरकार पहले ही लड़की बहिन योजना का ऐलान कर चुकी है। इसके तहत हर महीने 1500 रुपये की रकम दी जानी है। 21 से 60 साल तक की महिलाओं को इस योजना का लाभ मिलना है और इसकी पहली और दूसरी किश्त एक साथ ही रक्षाबंधन से पहले ट्रांसफर की जानी है। शिंदे सरकार ने इस योजना के लिए 25000 करोड़ रुपये का बजट पहले ही तय कर दिया है। इस साल रक्षाबंधन 19 अगस्त को है। चर्चा है कि अब ऐसी ही योजना हरियाणा की भाजपा सरकार भी चुनाव से पहले घोषित कर सकती है। अब तक महाराष्ट्र में 1 करोड़ 29 लाख महिलाओं का इस योजना के लिए वेरिफिकेशन हो चुका है। राज्य सरकार चाहती है कि विधानसभा चुनाव से पहले महिलाओं को कम से कम तीन किस्तें इस स्कीम के तहत मिल जाएं। बता दें कि झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार भी मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना का ऐलान कर चुकी है। इसके तहत 21 से 50 साल तक की उम्र की महिलाओं को 1000 रुपये की रकम मिलनी है। वहीं 50 साल से अधिक आयु की महिलाओं को प्रति माह 1 हजार रुपये की ही पेंशन मिलनी है। झारखंड में नई स्कीम के लिए फिलहाल रजिस्ट्रेशन चालू है और करीब 30 लाख महिलाएं अपना नाम दर्ज करा चुकी हैं। सरकार ने इस स्कीम के तहत 45 लाख महिलाओं को लाभ देने का फैसला लिया है। इसके लिए 4500 करोड़ रुपये का बजट भी तय किया गया है। अब हरियाणा की बात करें तो हर घर हर गृहिणी स्कीम के तहत महिलाओं के नाम पर 500 रुपये में ही एलपीजी सिलेंडर देने का प्रस्ताव है। चर्चा है कि सीधे कुछ रकम ट्रांसफर करने जैसी स्कीम भी हरियाणा सरकार घोषणा कर सकती है।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट की अहम टिप्पणी– धार्मिक स्वतंत्रता का मतलब, धर्मांतरण की आजादी नहीं

**इलाहाबाद, एजेंसी।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021 का उद्देश्य सभी व्यक्तियों को धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी देना है। कोर्ट ने कहा कि इस अधिनियम का उद्देश्य भारत में धर्मनिरपेक्षता की भावना को बनाए रखना है। कोर्ट ने कहा कि संविधान प्रत्येक व्यक्ति को अपने धर्म को मानने और प्रचार करने का मौलिक अधिकार देता है। धर्म की स्वतंत्रता के व्यक्तिगत अधिकार को धर्मांतरण करने के अधिकार के रूप में नहीं बदल सकते। धर्मान्तरण कराने के आरोपी अजीम की ज़मानत अर्ज़ी खारिज करते हुए न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने यह टिप्पणी की। बदायूं के कोतवाली थाने में अजीम पर लड़की को जबरन इस्लाम कबूल कराने और उसका यौन शोषण करने के आरोप में विभिन्न धाराओं सहित उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी ने जमानत के लिए हाईकोर्ट में अर्ज़ी दाखिल की थी। याची के वकील ने कहा कि याची को झूठा फंसाया गया है। पीड़िता ने संबंधित मामले में अपने बयान में याची से शादी की पुष्टि की है। अपर शासकीय अधिवक्ता ने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि पीड़िता ने अपने बयान में कहा है कि उस पर इस्लाम में धर्म परिवर्तन के लिए दबाव डाला गया था।

### दिल्ली से हक छीनना पड़ता है, गिड़गिड़ाने से नहीं मिलता : लालू यादव

**पटना, एजेंसी।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने सीएम और जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के अध्यक्ष नीतीश कुमार को भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की अगुवाई में चल रही केंद्र सरकार के खिलाफ उकसाते हुए कहा है कि दिल्ली में हक मांगना नहीं छीनना पड़ता है। लालू यादव ने अपने रेलमंत्री कार्यकाल के दौरान छपरा के दरियापुर में बने बेला रेल पहिया कारखाना का हवाला देते हुए नीतीश कुमार से पूछा है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार के 10 वर्षों में बिहार को घोषणाओं के अलावा क्या मिला है। लालू ने कहा है कि 2014 से 2024 तक 31, 39 और 30 सांसद लेकर भी दिल्ली के सामने गिड़गिड़ाने से इनको कुछ नहीं मिलता है। लालू ने सोशल साइट एक्स पर ट्वीट में कहा– नीतीश बताएं, एनडीए के 10 वर्षों में बिहार को कोरी घोषणाओं के अलावा क्या मिला? हमने तो 22 सांसदों के दम पर 2004 से 2009 के बीच 5 वर्ष में ही बिहार को 1 लाख 44 हज़ार करोड़ की सहायता राशि दिलाई।

# हिमाचल में बड़ा हादसा, भरभरा कर गिरा 450 मीटर लंबी सुरंग का मुहाना

**शिमला , एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में मॉनसून कहर बरपा रहा है। जगह-जगह हो रहे भूस्खलन से जनजीवन प्रभावित हो गया है। राजधानी शिमला में भूस्खलन की बड़ी घटना सामने आई है। यहां फोरलेन के लिए बन रही टनल का एक हिस्सा भरभराकर गिर गया। मंगलवार सुबह हुए इस हादसे में किसी के हताहत होने की रिपोर्ट नहीं है। घटना के समय टनल के भीतर कोई भी कर्मचारी मौजूद नहीं था। इस हादसे को किसी ने अपने कैमरे में कैद कर लिया। वीडियो में देखा जा सकता है कि टनल के मुहाने पर मलबा गिरता है और पलक झपकते ही तेज आवाज के साथ धूल की गुबार उठती है।



**रात से ही टनल पर गिर रहा था मलबा :** शिमला के चलौंठी में 450 मीटर लंबी टनल का काम चल रहा है है। बीती रात इस निर्माणाधीन टनल पर पत्थर व मलबा गिरना शुरू हो गया था। इसके बाद टनल में काम कर रहे सभी कर्मचारियों और मशीनरी को सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया था। दरअसल, निर्माणाधीन टनल के मुहाने पर भारी भूस्खलन हुआ है। बड़ी मात्रा में मलबा टनल के मुहाने पर गिर गया। इससे टनल का मुहाना भरभराकर गिर गया। हाल ही में एनएचएआई ने पहाड़ी की स्टेबलाइजेशन का काम किया था। भूस्खलन से ढली जंक्शन के पास एनएच को भी खतरा हो गया है। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मौके से लगातार पत्थर गिर रहे हैं। वहीं एनएचएआई के प्रोजेक्ट मैनेजर अचल जिंदल ने बताया कि तेज बारिश की वजह से टनल के पोर्टल पर भूस्खलन से ये घटना पेश आई। इसमें कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। राहत कार्यों के लिए टीमें मौके पर तैनात हैं और स्थिति को नियंत्रण में लाने की कोशिश की जा रही है। इस घटना के बाद जिला प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

**शिमला-चंडीगढ़ फोरलेन के तहत बन रही है टनल :** कालका-शिमला फोरलेन प्रोजेक्ट के अंतर्गत इस टनल का निर्माण हो रहा है। चलौंठी से बनाई जा रही 450 मीटर लंबी सुरंग ढली बाईपास सड़क और ढली-कैथलीघाट सड़क को फोरलेन से जोड़ेगी। भट्ठाकुफर से भी एक टनल भट्ठाकुफर में चमयाना के पास बनेगी जो लंबीधार गांव में संजौली के दूसरी ओर बाहर निकलेगी। बड़ी तादाद में मजदूर और मशीनें निर्माण कार्य में लगे हैं। लंबीधार में पहले भट्ठाकुफर-लंबीधार सड़क के निर्माण के लिए संजौली की पहाड़ी के दोनों तरफ कटिंग और स्टेबलाइजेशन का कार्य किया गया। 2026 तक ढली से कैथलीघाट तक फोरलेन का काम पूरा करने का लक्ष्य है।

**तीन चरणों में बना रहा कालका-शिमला फोरलेन :** कालका से शिमला तक इस प्रोजेक्ट का तीन चरणों में कार्य हो रहा है और तीसरे चरण में कैथलीघाट से ढली-मशोबरा जंक्शन तक निर्माण किया जा रहा है। इस तीसरे चरण का निर्माण कार्य दो पैकेट में किया जा रहा है। पहले चरण में कैथलीघाट से शकराल तक 1,844 करोड़ की लागत से 17.5 किलोमीटर फोरलेन का निर्माण किया जा रहा है। इसमें 20 पुल, दो सुरंग, एक अंडरपास, 53 क्लवर्ट, एक प्रमुख जंक्शन, दो अल्प जंक्शन, एक टोल प्लाजा बनाने का कार्य चला हुआ है। दूसरे चरण में शकराला से ढली-मशोबरा जंक्शन तक 11 किलोमीटर फोरलेन का निर्माण 2,070 करोड़ रुपये से किया जा रहा है। इसमें तीन सुरंगें और सात पुल बनेंगे।

## यूपी उपचुनावः कांग्रेस के खाते में जा सकती है खैर सीट, सपा भी कर रही दावा



**खैर, एजेंसी।** यूपी में अलीगढ़ के खैर विधानसभा सीट पर होने वाले उप चुनाव को लेकर राजनीतिक दल सक्रिय हो गए हैं। कांग्रेस ने उपचुनाव को लेकर 10 सीटों के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिए हैं, जिसमें खैर सीट से मथुरा के पूर्व विधायक राजकुमार रावत को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। पर्यवेक्षक की नियुक्ति होते ही सियासी सरगर्मी बढ़ने लगी है। कयास लगाया जा रहा है कि खैर सीट कांग्रेस के खाते में जा सकती हैं।

खैर विधानसभा सीट पर भाजपा से अनूप प्रधान विधायक थे जिनके हाथरस से लोकसभा चुनाव जीतने के बाद सीट रिक्त चल रही है। खैर सुरक्षित सीट से भाजपा, कांग्रेस, सपा व बसपा तीनों उप चुनाव में दावा कर रही है। खैर सीट गठबंधन में कांग्रेस के खाते में जाएगी या फिर सपा के पास रहेगी इस अभी आधिकारिक रूप से फैसला नहीं हुआ है। लेकिन इस सीट पर कांग्रेस की दावेदारी मजबूत दिखाई दे रही है। कांग्रेसी तर्क दे रहे हैं कि लोकसभा चुनाव सपा उम्मीदवार को लड़ाया गया, जिसमें खैर उपचुनाव कांग्रेस ही लड़ेगी। इसको लेकर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने जिला कमेटी से रिपोर्ट मांगी थी जो भेजी जा चुकी है। लखनऊ में कांग्रेस की अभी हाल ही में हुई बैठक में कांग्रेसियों ने खैर सीट को लेकर दावेदारी पेश की थी और लोकसभा चुनाव का हवाला दिया था। इसी को लेकर कांग्रेस ने खैर सीट के लिए पर्यवेक्षक की नियुक्ति कर दी है। कांग्रेस खैर सुरक्षित सीट से चार बार चुनाव भी जीत चुकी है। कांग्रेस के चार विधायक यहां से रह चुके हैं। अभी तक इस सीट पर सपा का खाता नहीं खुला है।

## दिल्ली के सीएम केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं, अंतरिम जमानत देने से इनकार, अगली सुनवाई 23 अगस्त को

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका पर आज सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई से 23 अगस्त तक जवाब मांगा है और उन्हें अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया है।सीएम केजरीवाल ने याचिका में आबकारी नीति में कथित अनियमितताओं के मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी । इस मामले में वह सीबीआई की जांच के दायरे में हैं। केजरीवाल ने सोमवार को दायर याचिकाओं में दिल्ली हाई कोर्ट के 5 अगस्त के फैसले पर सवाल उठाए, जिसमें कहा गया था कि उनकी गिरफ्तारी न तो अवैध थी और न ही बिना किसी उचित आधार पर थी, क्योंकि सीबीआई ने उनकी हिरासत और रिमांड को सही ठहराने के लिए पर्याप्त सबूत पेश किए थे।

केजरीवाल की याचिका सिसोदिया मामले पर काफी हद तक आधारित थी, इसमें सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि पूर्व उपमुख्यमंत्री की 17 महीने की लंबी कैद और ऐसे मामले में उनकी लगातार हिरासत, संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत स्वतंत्रता और त्वरित सुनवाई के उनके मौलिक अधिकार का उल्लंघन है। आम आदमी पार्टी के प्रमुख की याचिका में तर्क दिया गया है कि जिन आधारों पर अदालत ने सिसोदिया को जमानत पर रिहा करना उचित समझा है, ये बात उन पर भी समान रूप से लागू होने चाहिए।

# यूपी के मिर्जापुर में साइकिल से स्कूल जाने वाले बच्चे पहनेंगे हेलमेट, ट्रैफिक पुलिस की पहल

**मिर्जापुर, एजेंसी।** यूपी के मिर्जापुर में अब साइकिल से स्कूल जाने वाले बच्चे भी हेलमेट पहनेंगे। शहर के दो स्कूलों के बच्चों से इसकी शुरुआत होगी। उसके बाद अभियान चलाकर जनपद के सभी स्कूलों में यह व्यवस्था लागू होगी। ट्रैफिक पुलिस यातायात नियमों के पालन और बच्चों की सुरक्षा दृष्टि से यह नई पहल शुरू करने जा रहा है। ट्रैफिक पुलिस का मानना है कि साइकिल से स्कूल जाने वाले बच्चे यदि हेलमेट पहनेंगे तो सिर में चोट से बचेंगे। साथ ही स्कूली जीवन से यातायात नियमों के पालन को लेकर भी जागरूकता बढ़ेगी। अभियान की शुरुआत 15 अगस्त से दो प्राइवेट स्कूल से हो रही है। स्कूल प्रबंधकों से पुलिस अधिकारियों ने वार्ता कर अभियान को हरी झंडी दे दी है। ड्रेस कोड की तरह साइकिल से स्कूल आने वाले बच्चों के हेलमेट पहनने के लिए अनिवार्य किया जाएगा। यातायात प्रभारी विपिन कुमार पांडेय ने बताया कि यातायात नियमों के पालन की कड़ी में ही विभाग की ओर से विशेष अभियान को शुरू किया जा रहा है। स्कूली जीवन से हेलमेट पहनने की आदत बच्चों के भविष्य के लिए काफी कारगर साबित होगी।

**15 अगस्त से अभियान को दी जाएगी रफ्तार :** पुलिस व ट्रैफिक विभाग ने अभी तक दो प्राइवेट स्कूल में इस पहल को अमल लाने के प्रस्ताव को रखा है। स्कूल में ड्रेस कोड की तरह साइकिल से आने वाले बच्चों के लिए हेलमेट भी अनिवार्य होगा। 15 अगस्त के बाद विशेष अभियान को और गति दी जाएगी। अन्य प्राइवेट से लेकर सरकारी स्कूलों में भी इस पहल को अमल में लाया जाएगा।



**हाईवे पर स्कूल वाले बच्चों के लिए हेलमेट जरूरी :** यातायात प्रभारी विपिन ने बताया कि शहर के अलावा ग्रामीण इलाकों में कई प्राइवेट और सरकारी स्कूल हाईवे पर हैं। इन स्कूलों में बच्चे साइकिल से हाईवे मार्ग से होते हुए जाते हैं। ऐसे बच्चों के लिए हेलमेट अत्यंत जरूरी है।

हाईवे पर पड़ने वाले स्कूलों के बच्चों को इस अभियान से जोड़ा जाएगा। एएसपी सिटी नितेश सिंह ने कहा कि पुलिस विभाग की ओर से एक विशेष अभियान की पहल की गई है, जिसमें साइकिल से स्कूल जाने वाले बच्चों को हेलमेट पहनाने की तैयारी है। दो स्कूल इस विशेष अभियान को अपने यहां लागू कराने के लिए तैयार हो गए हैं। 15 अगस्त के बाद जनपद के सभी स्कूलों से संपर्क कर इसे आगे बढ़ाया जाएगा।

## बांग्लादेश में हिंसा पर भड़के शशि थरूर, कहा- भारत से दोस्ती के हर प्रतीक पर हमला किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर का कहना है कि बांग्लादेश में अब हिंदू अल्पसंख्यकों को निशाना बनाकर हिंसा की जा रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि भारत और बांग्लादेश की दोस्ती के हर प्रतीक पर हमला किया जा रहा है। बांग्लादेश में जारी हिंसा के बीच हिंदू घरों और दुकानों को निशाना बनाए जाने की कई खबरें भी सामने आईं थीं। हाल ही में मोहम्मद यूनुस की अगुवाई वाली अंतरिम सरकार ने इसे लेकर माफी भी मांगी थी।

समाचार एजेंसी एएनआई से थरूर ने कहा, यह देखना बेहद दुखद है कि जिसे लोकतांत्रित, लोकप्रिय आंदोलन माना जा रहा था, वो अब अराजकता और अल्पसंख्यकों और हिंदू अल्पसंख्यकों को निशाना बनाकर की जा रही हिंसा में बदल गया है...। भारत में हमें बांग्लादेश के लोगों के साथ खड़ा होना चाहिए , लेकिन जब बांग्लादेश के साथ भारत की दोस्ती के हर प्रतीक को नुकसान पहुंचाया जा रहा है तो हमारा इसे अनदेखा करना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा, भारतीय सैनिकों के सामने पाकिस्तानी ताकतों के सरेंडर की मूर्ति को तोड़ दिया गया। भारतीय सांस्कृतिक केंद्र को तबाह किया गया और इस्कॉन मंदिर समेत कई संस्थानों को तोड़ा गया। ये सभी भारत की जनता के लिए नकारात्मक संकेत हैं। ऐसा करना बांग्लादेश के हित में भी नहीं है। उन्होंने कहा, उन्हें कहना चाहिए कि यह लोकतंत्र की बहाली के लिए है, लेकिन इस प्रक्रिया में आप अल्पसंख्यों और खासतौर से एक अल्पसंख्य के खिलाफ हो गए। इसे देखा जाएगा और हमारे देश और कहीं भी इसे लेकर नाराजगी होगी। अगस्त की शुरुआत से ही बांग्लादेश में हिंसा देखी जा रही थी, जो 5 अगस्त को शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफे के बाद और बढ़ गई। आंकड़े बता रहे हैं कि हिंसा में 500 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। दरअसल, छात्र सरकारी नौकरियों में कोटा व्यवस्था को खत्म करने की मांग कर रहे थे। पाकिस्तान के सरेंडर को दिखाती मूर्ति तोड़ी थरूर ने कुछ दिन पहले एक और तस्वीर साझा की थी, जिसमें 1971 युद्ध में पाकिस्तान की सेना के सरेंडर को दिखाती मूर्ति टूटी हुई नजर आ रही थी। उन्होंने लिखा, मुजीबनगर में 1971 शहीद मेमोरियल कॉम्प्लेक्स में भारत विरोधी उपद्रवियों ने प्रतिमाओं को तबाह कर दिया। इन्हें ऐसे देखने बेहद दुखद है। इससे पहले कई स्थानों पर भारतीय संस्कृति केंद्र, मंदिरों और हिंदुओं के घरों पर हमले भी हुए हैं। ये सब ऐसे समय पर भी हो रहा है, जब खबरें आ रही हैं कि कुछ मुस्लिम नागरिक अन्य अल्पसंख्यकों के घरों और पूजा स्थलों की रक्षा कर रहे हैं।



## हिमाचल के पांच जिलों में बाढ़ का खतरा 18 अगस्त तक भारी बारिश का अलर्ट

**शिमला, एजेंसी।** राजधानी शिमला सहित राज्य के अधिकांश भागों में मंगलवार को बादल छाए हुए हैं। हालांकि बीती रात कुछ स्थानों पर बारिश भी हुई। मौसम विभाग ने आगामी 18 अगस्त तक प्रदेश में मानसून के सक्रिय बने रहने की संभावना जताई है। इस दौरान मैदानी और मध्यपर्वतीय क्षेत्रों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान पांच जिलों चंबा, कांगड़ा, मंडी, सिरमौर और शिमला में बाढ़ का खतरा जताया है। इन जिलों में बाढ़ आने की आशंका जताई गई है। मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए प्रशासन ने लोगों को नदी-नालों और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों से दूर रहने की सलाह दी है। दो दिन पहले ऊना और सिरमौर जिलों में बाढ़ ने तबाही मचाई थी।

राज्य में विगत एक सप्ताह में हुई व्यापक वर्षा से नदी-नालों का जलस्तर बढ़ा हुआ है और जगह-जगह भूस्खलन की घटनाएं सामने आ रही हैं। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार भूस्खलन से प्रदेश में दो राष्ट्रीय उच्च मार्ग और 197 सड़कें अवरूद्ध हैं। इसके अलावा 211 बिजली के ट्रांसफार्मर और 143 पेयजल परियोजनाएं भी ठप्प हैं। शिमला जिला में सबसे ज्यादा 66 सड़कें भूस्क्षलन से बंद हैं। सिरमौर में 58, मंडी में 33, कुल्लू में 26, किन्नौर में पांच, कांगड़ा व लाहौल-स्पीति में चार-चार सड़कों पर आवाजाही बाधित है। इसके अलावा कुल्लू में नेशनल हाईवे-305 और किन्नौर में नेशनल हाईवे-पांच भी ठप है। वहीं बिजली ट्रांसफार्मर की बात करें तो ऊना में 118, मंडी में 45, कुल्लू में 34, हमीरपुर में छह, सोलन में चार, चंबा में 3 और किन्नौर में एक ट्रांसफार्मर खराब हुए हैं। भारी वर्षा से बिलासपुर में 60 पेयजल परियोजनाएं बाधित हुई हैं। इसी तरह शिमला में 33, कुल्लू में 29, लाहौल-स्पीति में सात, सिरमौर में 11, उना में दो और चंबा में एक पेजयल परियोजना ठप हुई है।

**मानसून से एक हजार करोड़ का नुकसान, 108 घर गिरे :** प्रदेश में मानसून सीजन के पिछले 47 दिनों में हुई बारिश, भूस्खलन और बाढ़ से हुई क्षति एक हजार करोड़ तक पहुंच गई है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र की रिपोर्ट के अनुसार लोकनिर्माण विभाग को 436 करोड़, जलशक्ति विभाग को 403 करोड़ और बागवानी विभाग को 139 करोड़ का नुकसान पहुंचा है। मानसून के दौरान वर्षा से जुड़े हादसों में 194 लोगों की मौत हुई और 33 लापता हैं। इसके अलावा 328 लोग घायल हुए हैं। बादल फटने, बाढ़ व भूस्खलन से राज्य भर में 108 घर, 26 दुकानें और 237 पशुशालाएं ध्वस्त हुईं।

# महाराष्ट्र में एक ही नाव पर क्यों सवार एमवीए और एनडीए, एक जैसी उलझन में दोनों गठबंधन

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में अक्तूबर में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। फिलहाल राज्य में एकनाथ शिंदे की अगुवाई में महायुति यानी एनडीए गठबंधन की सरकार है। इसमें शिंदे की शिवसेना के अलावा भाजपा और अजित पवार की एनसीपी शामिल है। चुनाव सिर पर हैं लेकिन अगले चुनाव में मुख्यमंत्री का चेहरा कौन होगा, इस पर महायुति गठबंधन में खामोशी छाई हुई है। हालांकि, गठबंधन के नेता 20 अगस्त से संयुक्त रूप से चुनावी रैलियां करने का ऐलान कर चुके हैं। ये रैलियां संयुक्त रूप से इसलिए हो रही हैं ताकि जनता के बीच यह संदेश जा सके कि महायुति एकजुट है। हालांकि, महायुति के दो घटक दलों मुख्यमंत्री शिंदे की शिवसेना और उप मुख्यमंत्री अजित पवार की एनसीपी के बीच खटपट की खबरें आम हैं। बावजूद इसके कोशिश हो रही हैं कि एकजुटता दिखाई जाय। उधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता ने यह कहते हुए स्थिति साफ कर दी है कि भले ही शिंदे राज्य के मुख्यमंत्री हों लेकिन जब राजनीतिक वर्चस्व की बात आती है तो देवेंद्र फडणवीस का कद उनसे ऊंचा हो जाता है। ऐसे में सवाल उठता है कि फिर भाजपा देवेंद्र फडणवीस को अगला सीएम चेहरा क्यों नहीं घोषित करती?

दरअसल, जिस तरह से भाजपा को देवेंद्र फडणवीस सबसे बिकाऊ चेहरे लगते हैं, उसी तरह शिवसेना को



एकनाथ शिंदे और एनसीपी को अजित पवार लगते हैं। इसलिए महायुति गठबंधन इस मसले पर फूंक-फूंक कर कदम रख रहा है क्योंकि अगर तीनों में से किसी भी चेहरे का ऐलान हुआ तो बाकी दो चहेरे के नेतृत्व वाले दल भड़क सकते हैं। वैसे 2019 के चुनावों में भाजपा ने देवेंद्र फडणवीस को सीएम चेहरा बताकर चुनाव लड़ा था। तब भाजपा के साथ अविभाजित शिवसेना थी लेकिन जैसे ही चुनाव संपन्न हुए, सीएम पद पर दोनों दलों के बीच खटपट हो गई और दोनों की राहें जुदा हो गईं। इससे पहले फडणवीस 2014 से 2019 तक पांच साल तक मुख्यमंत्री रह चुके हैं। उधर, विपक्षी महाविकास अघाड़ी गठबंधन में भी यही हाल है। वहां भी सीएम चेहरे का ऐलान नहीं हुआ है, जबकि उद्धव ठाकरे की शिवसेना के नेता संजय राउत इसकी मांग कर चुके हैं। अभी हाल ही में उद्धव ठाकरे बेटे आदित्य ठाकरे के साथ तीन दिनों के दिल्ली दौरे पर थे। माना जा रहा है कि शिवसेना और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे और सीएम फेस पर रार है। इसलिए महाविकास अघाड़ी यानी एमवीए भी एनडीए की तरह समान उलझन से जूझ रहा है। बड़ी बात है कि दोनों ही तरफ शिवसेना (महायुति में शिंदे की सेना और महाविकास अघाड़ी में उद्धव की सेना) सीएम चेहरे पर पेच फंसा रही है।

# ग्वालियर में खेला जाएगा भारत-बांग्लादेश के बीच पहला टी20 मुकाबला

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को भारत और बांग्लादेश के बीच होने वाले पहले टी20 मैच को धर्मशाला से ग्वालियर में आयोजित करने का फैसला किया, जबकि कोलकाता और चेन्नई ने अगले साल इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले टी-20 मैचों की अदला-बदली की है। धर्मशाला में हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में चल रहे नवीनीकरण के कार्य को ध्यान में रखकर, बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज का पहला मैच ग्वालियर के श्रीमंत माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम में शिफ्ट कर दिया गया है। दोनों टीमों के बीच ये मैच 6 अक्टूबर को खेला जाएगा।





बीसीसीआई ने एक बयान में कहा, भारत और बांग्लादेश के बीच पहला टी-20 मैच, जो पहले 6 अक्टूबर को धर्मशाला में होना था, अब हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा ड्रेसिंग रूम में नवीनीकरण कार्य किए जाने के कारण ग्वालियर में खेला जाएगा। इसमें आगे कहा गया है, ग्वालियर में होने वाला मैच शहर के नए स्टेडियम श्रीमंत माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम में पहला अंतरराष्ट्रीय टी-20 मुकाबला है और 2010 में ऐतिहासिक भारत-दक्षिण अफ्रीका वनडे के बाद पहला मैच है। इसमें महान सचिन तेंदुलकर वनडे में दोहरा शतक बनाने वाले पहले पुरुष क्रिकेटर बने थे। बांग्लादेश को सितंबर-अक्टूबर में दो टेस्ट और तीन टी20 मैच खेलने हैं। सीरीज का पहला टेस्ट 19 सितंबर से चेन्नई में खेला जाएगा।

शेड्यूल में एक और बदलाव करते हुए, इंग्लैंड के खिलाफ पहला टी20 मैच अब 22 जनवरी, 2025 को कोलकाता में खेला जाएगा, जबकि चेन्नई में 25 जनवरी को दूसरा टी20 होगा। इसके अलावा बोर्ड ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले और दूसरे टी20 मैच के स्थलों में बदलाव की घोषणा की है। चेन्नई, जिसे मूल रूप से पहले टी20 मैच की मेजबानी करनी थी, अब दूसरे टी20 मैच की मेजबानी करेगा, जबकि कोलकाता पहले की घोषणा के अनुसार दूसरे टी20 मैच की जगह पहले टी20 मैच की मेजबानी करेगा।

# ओलंपिक गोल्ड मेडल जीतने के बाद ही पूरा होगा मेरा सपना: हॉकी प्लेयर अभिषेक नैन

**सोनीपत, एजेंसी।** भारतीय हॉकी टीम ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतकर ओलंपिक में लगातार बैक टू बैक दो पदक जीते हैं। भारतीय हॉकी टीम में सोनीपत के मयूर विहार के रहने वाले अभिषेक नैन का प्रदर्शन भी बढ़िया रहा। अभिषेक का मंगलवार को सोनीपत पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया।



अभिषेक इस स्वागत से काफी खुश नजर आए। इस अवसर पर अभिषेक ने कहा, ÷बहुत खुशी है कि हमने एक मेडल जीता। हालांकि गोल्ड मेडल न जीतने का दुख है। उम्मीद है कि अगली बार हम गोल्ड मेडल जीतेंगे। मैं सभी लोगों की खुशी में सहायक बना हूं, इसकी मुझे काफी प्रसन्नता है। ओलंपिक खेलना अभिषेक का बचपन का सपना रहा है। हालांकि पेरिस ओलंपिक में मेडल आने के बावजूद यह सपना अभी पूरा नहीं हो पाया है। अभिषेक ने कहा, मेरा ओलंपिक का सपना तब पूरा होगा, जब हम गोल्ड मेडल जीतेंगे।

अभिषेक को बचपन में चोट लग गई थी। इस चोट से पहले भी हॉकी खेलते हुए वह अक्सर चोटिल होते रहते थे। ऐसे में उनके गुरु ने उनका हौसला बढ़ाया दिया। अभिषेक ने कहा, बचपन में मेरी चोट को देखने के बाद माता-पिता ने हॉकी छोड़ने के लिए कह दिया था। मैं अक्सर चोटिल हो जाता था। ऐसे में मेरे गुरुजी ने मुझे आगे बढ़ाया।

पेरिस ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम गोल्ड क्यों नहीं जीत पाई? इस सवाल पर अभिषेक ने कहा, हमको जो मौके मिले, हम उसको सेमीफाइनल मैच में गोल में तब्दील नहीं कर सके।

## संन्यास तोड़कर खेलेंगी 2028 ओलंपिक?

# गोल्डन गर्ल की तरह होगा विनेश फोगाट का वेलकम...



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक 2024 में गोल्ड मेडल मैच से ठीक पहले डिसक्वालिफाई होने के कारण विनेश फोगाट ने कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट्स में केस लगाया है. जिसका फैसला 13 अगस्त को आना था, जिसे अब 16 अगस्त के लिए टाल दिया गया है. मगर इसी बीच फैसले को लेकर विनेश फोगाट के अंकल महावीर फोगाट का बयान सामने आया है.

महावीर ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अपील के 8 दिन बाद 13 अगस्त को फैसला आ जाएगा. हालांकि ऐसा नहीं हो सका है. महावीर ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि विनेश को सिल्वर मेडल मिलेगा और घर वापसी पर उसका एक गोल्ड मेडल विजेता की तरह ही स्वागत किया जाएगा.

संन्यास तोड़ने के लिए विनेश मनाएंगे महावीर

बता दें कि विनेश का गोल्ड मेडल मैच 7 अगस्त को था. मगर उसी दिन सुबह 50 किग्रा फ्रीस्टाइल इवेंट के वेट कैटेगरी में उनका वजन 100 ग्राम ज्यादा पाया गया था. ऐसे में विनेश को मैच वाले दिन सुबह ही अयोग्य करार देकर बाहर कर दिया. इसके अगले दिन यानी 8 अगस्त को 29 साल की विनेश ने रेसलिंग से संन्यास ले लिया था. अब इसी मामले में महावीर फोगाट ने एक बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि वो और उनका पूरा परिवार विनेश को संन्यास तोड़ने और रिंग में वापसी करने के लिए मनाएंगे. यदि विनेश अपना संन्यास का फैसला वापस लेती हैं तो फिर 2028 ओलंपिक की तैयारी शुरू कर दी जाएंगी.

विनेश फोगाट के अंकल महावीर फोगाट और उनके पूरे परिवार को फैसले का इंतजार है. उन्होंने आजतक से कहा, हम पिछले 4-5 दिनों से इस मामले में फैसले का इंतजार कर रहे हैं. हमें उम्मीद है कि उसे सिल्वर मेडल जरूर मिलेगा.



# 20 गेंदे, 12 रन और 5 विकेट, द हंड्रेड में कीवी गेंदबाज का कहर, टूर्नामेंट में रचा इतिहास

**लंदन, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के दिग्गज तेज गेंदबाज टिम साउदी ने मंगलवार को द हंड्रेड में अपनी गेंदबाजी से कहर ढाया। इस टूर्नामेंट में बर्मिंघम फिनिक्स की ओर से खेलते हुए टिम साउदी ने रिकॉर्ड तोड़ गेंदबाजी की। उन्होंने ट्रेंट रॉकेट्स के खिलाफ अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

साउदी का शानदार स्पेल

साउदी ने अपने स्पेल में केवल 20 गेंदे डाली। इन 20 गेंदों में उन्होंने 12 रन दिए और 5 विकेट भी लिए। इस दौरान उन्होंने टॉम बैंटन, जो रूट, टॉम एलसोप, लुइस ग्रेगरी और सैम कुक का विकेट हासिल किया। टिम साउदी का यह स्पेल पुरुष द हंड्रेड का दूसरा सर्वश्रेष्ठ स्पेल है। उनके अलावा क्रिस वुड ने भी दो विकेट लिए। ट्रेंट के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी एलसोप रहे जिन्होंने 37 गेंदों में 51 रन बनाए। उनके अलावा इमाद वसीम ने भी 29 रन बनाए।

# प्रीमियर लीग में मैच फिक्सिंग का खुलासा!

**लंदन, एजेंसी।** इंग्लैंड के पूर्व फुटबॉलर मोसेस स्वाइबू, जो कभी मैच फिक्सिंग में शामिल होने के कारण जेल की सजा काट चुके हैं। उन्होंने अब एक चौंकाने वाला दावा करते हुए कहा कि प्रीमियर लीग के कम से कम पांच खिलाड़ियों से मैच फिक्सरों ने संपर्क किया है। स्वाइबू को 2015 में द टेलीग्राफ द्वारा की गई गुप्त जांच के बाद रिश्वतखोरी की साजिश के लिए दोषी ठहराया गया था, लेकिन अब उन्होंने अपना जीवन बदल लिया है और अब वे युवा फुटबॉल खिलाड़ियों को जुए और मैच फिक्सिंग के खतरों के बारे में शिक्षित करने का काम करते हैं।

2015 और 2019 के बीच, उन्होंने प्रीमियर लीग और फुटबॉल एसोसिएशन (एफए) के साथ मिलकर कई कार्यशालाएं आयोजित कीं, जिनका उद्देश्य अगली पीढ़ी के खिलाड़ियों को मैच फिक्सिंग के जाल में फंसने से बचाना था, जिनमें वे कभी खुद फंस गए थे। रिपोर्ट के अनुसार, स्वाइबू ने बताया कि इन सत्रों के दौरान कई खिलाड़ियों ने उनसे बात की थी, जिनमें से कुछ ने बताया था कि उनके प्रशिक्षण मैदान के बाहर या लंदन के कैसिनो में मैच फिक्सरों ने उनसे संपर्क किया था।

रिपोर्ट में स्वाइबू के हवाले से कहा गया, ÷खिलाड़ियों ने मुझे बताया कि वे जुआ खेलते हैं। वे कहते हैं, मैं जुआ खेलता हूँ क्योंकि हम एक जुआ कंपनी द्वारा प्रायोजित हैं, तो मैं ऐसा क्यों नहीं कर सकता? स्वाइबू ने यह भी बताया कि कैसे खिलाड़ियों ने मैच फिक्सरों से होने वाले दबाव के बारे में उनसे बात की।

उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों ने वास्तव में कुछ मौकों पर मुझसे कहा, ÷प्रशिक्षण मैदान के बाहर मैच फिक्सरों ने मुझसे संपर्क किया है।

## श्रीजेश को मिला बड़ा सम्मान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हॉकी इंडिया ने बुधवार को दिग्गज गोलकीपर पीआर श्रीजेश की जर्सी नंबर 16 को रिटायर करने का फैसला किया। श्रीजेश ने हाल ही में संपन्न पेरिस खेलों में देश को लगातार दूसरा ओलंपिक कांस्य पदक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के बाद खेल को अलविदा कह दिया।

हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने यह भी घोषणा की कि लगभग दो दशक तक 16 नंबर की जर्सी पहनने वाले 36 वर्षीय श्रीजेश जूनियर राष्ट्रीय कोच की भूमिका निभाएंगे। भोला नाथ ने श्रीजेश के सम्मान में आयोजित समारोह में कहा, 'श्रीजेश अब जूनियर टीम के कोच बनने जा रहे हैं और हम सीनियर टीम के लिए 16 नंबर की जर्सी रिटायर कर रहे हैं। हम जूनियर टीम के लिए 16 नंबर की जर्सी को रिटायर नहीं कर रहे।

उन्होंने कहा, 'श्रीजेश दूसरे श्रीजेश को जूनियर टीम में तैयार करेगा (श्रीजेश जूनियर टीम में अपने जैसे किसी खिलाड़ी को तैयार करेगा जो 16 नंबर की जर्सी पहनेगा)।

## विनेश के पक्ष में आ सकता है फैसला, पहलवान की अयोग्यता पर डब्ल्यूएफआई उपाध्यक्ष का बड़ा बयान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पेरिस ओलंपिक 2024 में पहलवान विनेश फोगट की अयोग्यता पर फैसले में देरी के बाद भारतीय कुश्ती महासंघ के उपाध्यक्ष जय प्रकाश चौधरी ने कहा कि उन्हें लगता है कि फैसला एथलीट के पक्ष में आएगा। खेल पंचाट न्यायालय (सीएएस) ने भारतीय पहलवान विनेश फोगट की पेरिस ओलंपिक में महिलाओं के 50 किग्रा फाइनल से अयोग्य ठहराए जाने के संबंध में अपील पर फैसला 16 अगस्त तक के लिए टाल दिया है।

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के अनुसार मूल रूप से मंगलवार 13 अगस्त को रात 9-30 बजे होने वाला फैसला 16 अगस्त तक के लिए टाल दिया गया है। आईओए ने मंगलवार को एक बयान में कहा, सीएएस के तदर्थ प्रभाग के अध्यक्ष ने विनेश फोगट बनाम यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (डब्ल्यूडब्ल्यू) और अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) मामले में एकमात्र मध्यस्थ माननीय डॉ. एनाबेले बेनेट को शुक्रवार, 16 अगस्त 2024 को शाम 6 बजे (पेरिस समय) तक के लिए विस्तार दिया है।

## 14 साल बाद ग्वालियर में लौटेगी टीम इंडिया, सचिन ने यही बनाया था दोहरा शतक

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारत के बंगलादेश और इंग्लैंड के साथ होने वाली टी-20 श्रृंखला के मैचों के स्थानों में बदलाव किया है। बीसीसीआई ने अंतरराष्ट्रीय घरेलू सत्र के लिए नया कार्यक्रम जारी किया है। नये कार्यक्रम के अनुसार भारत बनाम बंगलादेश के बीच खेली जानी वाली टी-20 श्रृंखला का छह अक्टूबर को होने वाला पहला मैच अब धर्मशाला के बजाय ग्वालियर में खेला जाएगा। धर्मशाला के स्टेडियम के ड्रेसिंग रूम में जारी मरम्मत कार्य के कारण स्थान में बदलाव किया गया है। ग्वालियर के नए स्टेडियम 'श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्टेडियम' में यह पहला अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेला जायेगा। 2010 में सचिन तेंदुलकर ग्वालियर में ही दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में दोहरा शतक लगाने वाले पहले पुरुष क्रिकेटर बने थे। इसके बाद ग्वालियर ने किसी भी अंतरराष्ट्रीय मैच की मेजबानी नहीं की है।

# स्वितोलिना ने सिनसिनाटी में पहला मुकाबला जीता; अनिसिमोवा हटीं

**सिनसिनाटी, एजेंसी।** एलिना स्वितोलिना एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए चीनी क्वालीफायर वांग याफान को 5-7, 6-3, 6-2 से हराकर सिनसिनाटी ओपन के दूसरे दौर में पहुंच गईं। एक बीमार दर्शक के कारण खेल बाधित होने से पहले स्वितोलिना ने वांग पर 4-1 की बढ़त बना ली थी। जब खेल दोबारा शुरू हुआ, तो वांग ने लगातार तीन गेम जीतकर सेट को सर्विस पर वापस ले लिया और उस गति को बरकरार रखते हुए 7-5 से सेट अपने नाम कर लिया।

दूसरे सेट में उसने तुरंत खुद को रीसेट कर लिया। यूक्रेनी अनुभवी ने नौ एस लगाए और आठ में से छह ब्रेक प्वाइंट बचाए, स्वितोलिना ने 2019 के बाद से अपनी पहली सिनसिनाटी जीत हासिल करने के लिए मैच के शेष भाग में वांग को दूर रखा। उनका अगला मुकाबला नंबर



14 वरीयता प्राप्त विक्टोरिया अजारेंका या लकी लूजर लूसिया ब्रॉन्जेटी से होगा। कैनेडियन ओपन उपविजेता अमांडा अनिसिमोवा के थकान के कारण टूर्नामेंट से हटने के बाद इटालियन मुख्य ड्रॉ में पहुंच गयी। अन्य गतिविधियों में, फ्रांस की वरवारा ग्रेचेवा ने अजला टोमलाजानोविच को 6-3, 2-6, 7-6(5) से हराकर विश्व नंबर 1 इगा स्वीयाटेक के साथ दूसरे दौर की भिड़ंत तय की, जबकि मार्ता कोस्त्युक ने तीसरे सेट में ब्रेक डाउन के बाद वापसी करते हुए एलिस मर्टेंस को 6-4, 2-6, 6-4 से हराया।

कोस्त्युक का सामना विंबलडन क्वार्टर फाइनलिस्ट लुलु सन से होगा, जिन्होंने लिंडा नोस्कोवा को 6-4, 7-6(4) से हराया।

क्वालीफाइंग के अंतिम दौर में नाओमी ओसाका को हराने के एक दिन बाद, एशलिन क्रुएगर ने ओलंपिक रजत पदक विजेता डोना वेकिच को 5-7, 7-6(4), 6-2 से हराकर राउंड 2 में प्रवेश किया।

# नए स्पोर्ट्स ब्रांड को लांच करने की तैयारी में सचिन तेंदुलकर

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर मैदान से बाहर एक नई पारी की शुरुआत करने जा रहे हैं। इस बार वे उद्यमी बनने जा रहे हैं। तेंदुलकर एक नया स्पोर्ट्स एथलीजर ब्रांड शुरू करने जा रहे हैं और इस नए वेंचर के लिए उन्होंने स्विगी इंस्टामार्ट के पूर्व प्रमुख कार्तिक गुरुमूर्ति से हाथ मिलाया है। इस नए वेंचर के लिए एक होल्डिंग कंपनी पहले ही पंजीकृत हो चुकी है। स्विगी के पूर्व अधिकारी कारन अरोड़ा भी गुरुमूर्ति के साथ तीसरे सह-संस्थापक के रूप में जुड़ रहे हैं।

शुरुआती चरण के वेंचर फंड व्हाइट बोर्ड कैपिटल ने तेंदुलकर के साथ मिलकर इस वेंचर को शुरू किया है। इस नए स्टार्टअप के बारे में जानकारी रखने वाले लोगों ने बताया कि अन्य ब्रांड डील्स के विपरीत, जहां मशहूर हस्तियों को ब्रांड का सार्वजनिक चेहरा होने के कारण हिस्सेदारी मिलती है, तेंदुलकर सह-संस्थापकों के साथ मिलकर उत्पादों पर काम कर रहे हैं और यह एक शीर्ष वेंचर कैपिटल फंड से पूंजी जुटाने के लिए उन्नत चरण में है। इस वेंचर की



## नाइकी जैसी शीर्ष कम्पनियों को मिलेगी

स्थापना ऐसे समय में की गई है, जब खेल के सामान और स्वास्थ्य और फिटनेस जागरूकता की मांग अपने चरम पर है। सूत्रों में से एक ने कहा, %वे इसे नाइकी जैसे शीर्ष ब्रांडों के प्रतिद्वंद्वी के रूप में पेश करने की संभावना रखते हैं, लेकिन स्थानीय विनिर्माण के साथ-साथ स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देने वाली सरकारी नीतियों के साथ सस्ती कीमत पर। खेल के सामान का बाजार काफी हद तक जूतों के इर्द-गिर्द केंद्रित है, जिसकी बिक्री लगभग 60त्न है जबकि अन्य 30त्न परिधानों में है। उक्त व्यक्ति ने कहा, वे जल्द ही क्रिकेट, बैडमिंटन जैसे खेलों में उत्पाद लॉन्च करेंगे। एक अवधारणा के रूप में जिम और प्रशिक्षण उत्पाद अब व्यापक रूप से स्वीकार किए जाते हैं। जो जरूरी है वह यह है कि ये उत्पाद बहुत महंगे हैं। बेशक, प्रीमियम होना चाहिए, लेकिन कीमत के आधार पर लक्षित दर्शकों की संख्या बहुत कम नहीं होनी चाहिए।

गुरुमूर्ति ने तेंदुलकर के साथ नए उद्यम पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। पूर्व प्यूमा इंडिया के प्रमुख अभिषेक गांगुली की एजिलिटास स्पोर्ट्स ने भी नेक्सस वेंचर पार्टनर्स सहित निवेशकों से पिछले एक साल में 550 करोड़ रुपए जुटाए हैं। एजिलिटास ने 40 साल की अवधि के लिए भारत के लिए इतालवी जूता ब्रांड लोट्टो का लाइसेंस हासिल किया। खेल प्रेमियों को लक्षित करने वाले कई अन्य नए जमाने के जूता ब्रांड अपने उपक्रमों का विस्तार कर रहे हैं और नई पूंजी जुटाने के लिए उद्यम निवेशकों के साथ बातचीत कर रहे हैं।

# भारत का यह पूर्व गेंदबाज बना कीनिया टीम का मुख्य कोच, प्रथम श्रेणी

## पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, कीनिया क्रिकेट टीम का मुख्य कोच बनाया जाना मेरे लिए सम्मान की बात है।

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज डोडा गणेश को 2026 टी20 विश्व कप के क्वालिफायर से पहले कीनिया की पुरुष क्रिकेट टीम का मुख्य कोच बनाया गया है। 51 साल के गणेश ने भारत के लिए चार टेस्ट और एक वनडे मैच खेला था। उनकी जिम्मेदारी कीनिया की टीम और खिलाड़ियों से बेहतर क्रिकेट निकलवाने की होगी। डोडा चाहेंगे कि कीनियाई टीम उस दौर में लौटे जब वह लगातार विश्व कप में हिस्सा लेते थे। 1996 से 2011 के बीच कीनियाई टीम ने पांच विश्व कप में हिस्सा लिया था। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के इस एसोसिएट सदस्य देश का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2003 में रहा था जब वे संदीप पाटिल के रूप में एक भारतीय



मुख्य कोच की मौजूदगी में दक्षिण अफ्रीका में हुए वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचे थे। कीनिया ने टी20 विश्व कप के सिर्फ एक टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई किया है। उन्होंने 2007 में दक्षिण अफ्रीका में हुए टी20 विश्व कप में हिस्सा लिया था। तब से कीनियाई क्रिकेट टीम का ग्राफ लगातार गिरता चला गया। सितंबर में आईसीसी डिविजन दो चैलेंज लीग में वे पापुआ न्यू गिनी, कतर, डेनमार्क और जर्सी से भिड़ेंगे और अक्टूबर में टी20 विश्व कप अफ्रीका क्वालिफायर खेलेंगे। पुरुषों का 2026 टी20 विश्व कप भारत और श्रीलंका द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा। गणेश ने कहा कि वह नई भूमिका के लिए उत्सुक हैं।

पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, कीनिया क्रिकेट टीम का मुख्य कोच बनाया जाना मेरे लिए सम्मान की बात है। मीडिया द्वारा यहां साझा किए गए एक वीडियो में गणेश को कीनिया क्रिकेट के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत करते देखा जा सकता है। कीनिया के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी लामेक ओनयांगो और जोसेफ अंगारा गणेश के सहायक कोच होंगे। डोडा गणेश ने भारत के लिए चार टेस्ट और एक वनडे खेला। चार टेस्ट में उनके नाम पांच विकेट और एक वनडे में एक विकेट है। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में डोडा ने 104 मैचों में 365 विकेट लिए। इनमें 36 रन देकर सात विकेट उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी है। वहीं, लिस्ट-ए में डोडा ने 89 मैचों में 128 विकेट लिए थे। 27 रन पर पांच विकेट उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी है।

स्वतंत्रता दिवस पर्व की सिंगरौली वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती राधा सिंह
राज्य मंत्री, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, म.प्र.
एवं विधायक, चितरंगी
डॉ.रविन्द्र सिंह
जिला उपाध्यक्ष
भाजपा, सिंगरौली
निवेदक : भारतीय जनता पार्टी, चितरंगी, जिला- सिंगरौली

स्वतंत्रता दिवस पर्व की सिंगरौली वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
विनोद चौबे
जिलाध्यक्ष, किसान मोर्चा
भारतीय जनता पार्टी सिंगरौली

स्वतंत्रता दिवस पर्व की
सिंगरौली वासियों को
हार्दिक
शुभकामनाएं
राजेन्द्र मेश्राम
विधायक
विधानसभा क्षेत्र देवसर
जिला-सिंगरौली

स्वतंत्रता दिवस पर्व की
सिंगरौली वासियों को
हार्दिक
शुभकामनाएं
रामनिवास शाह
विधायक
विधानसभा क्षेत्र सिंगरौली

स्वतंत्रता दिवस पर्व की सिंगरौली वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
अमर तिरंगा स्वाभिमान से दुनिया भर में डोलेगा,
जहां गिरेगा लहू हमारा वंदे मातरम बोलेगा।
देवेश पाण्डेय
अध्यक्ष
नगर पालिक निगम सिंगरौली

स्वतंत्रता दिवस पर्व की
सिंगरौली वासियों को
हार्दिक
शुभकामनाएं
विश्वामित्र पाठक
विधायक
विधानसभा क्षेत्र सिहावल

स्वतंत्रता दिवस पर्व की सिंगरौली वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
आशा इंस्टीट्यूट ऑफ कम्प्यूटर टेक्नोलॉजी
संस्कार वैली इंटरनेशनल स्कूल
इंग्लिश मीडियम नर्सरी से 8वीं तक
संचालक-सुरेन्द्र सोनी
जिला-सिंगरौली (म.प्र.)

स्वतंत्रता दिवस पर्व की सिंगरौली वासियों को
हार्दिक
शुभकामनाएं
डी.के. शर्मा
आयुक्त
नगर पालिक निगम सिंगरौली, जिला सिंगरौली, म.प्र.

स्वतंत्रता दिवस पर्व की सिंगरौली वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
रानी अग्रवाल
महापौर
नगर पालिक निगम सिंगरौली

स्वतंत्रता दिवस पर्व की सिंगरौली वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
वन मण्डलाधिकारी
सिंगरौली
जिला सिंगरौली (म.प्र.)
15 August

स्वतंत्रता दिवस पर्व की सिंगरौली वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
कमलेंद्र प्रताप सिंह
सदस्य
जिला पंचायत सिंगरौली
जिला-सिंगरौली (म.प्र.)

स्वतंत्रता दिवस पर्व की सिंगरौली वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
एस. डी. सिंह
समाज सेवी एवं संचालक
सत्या इंटरनेशनल होटल
ताली बैढ़न, जिला-सिंगरौली (म.प्र.)

स्वतंत्रता दिवस पर्व की सिंगरौली वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
अपील-
घर के आस-पास गंदगी पैदा न होने दें। डेंगू, मलेरिया बीमारी से बचें, बीमार होने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में ईलाज करायें।
डॉ. हरिशंकर वैश्य
(बी.एम.ओ)
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चितरंगी
जिला-सिंगरौली म.प्र.

स्वतंत्रता दिवस पर्व की
सिंगरौली वासियों को
हार्दिक
शुभकामनाएं
प्रणव पाठक
अध्यक्ष
जनपद पंचायत देवसर
जिला-सिंगरौली

स्वतंत्रता दिवस पर्व की सिंगरौली वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
मिश्रा पॉली क्लीनिक
एवं नर्सिंग होम
बलियरी रोड बैढ़न, जिला सिंगरौली
संचालक-
डॉ.डी.के.मिश्रा

स्वतंत्रता दिवस पर्व की सिंगरौली वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
संदीप शुक्ला
संविदाकार
नगरपालिक निगम,
जिला-सिंगरौली म.प्र.

स्वतंत्रता दिवस पर्व की सिंगरौली वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
चंद्रशेखर शुक्ला, कलेक्टर-सिंगरौली
डॉ. एन.के. जैन, सीएमएचओ-सिंगरौली
सुधांशु मिश्रा, डीपीएम-सिंगरौली
खान-पान और स्वास्थ्य को दो पहला स्थान
तभी होगा बीमारियों का निदान।
अपने स्वास्थ्य का पूरा ख्याल रखें
वरना आपका सपना रह जायेगा अधूरा।
सौजन्य-
जिला स्वास्थ्य समिति सिंगरौली

स्वतंत्रता दिवस पर्व की सिंगरौली वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
जे.बी. गुप्ता
संचालक
इंडियन चिल्ड्रेन अकादमी स्कूल
गनियारी, जिला-सिंगरौली म.प्र.

स्वतंत्रता दिवस पर्व की सिंगरौली वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
मेवालाल शाह
संविदाकार
नगर पालिक निगम सिंगरौली
जिला-सिंगरौली (म.प्र.)

मायाराम महाविद्यालय मेढ़ौली
जिला-सिंगरौली, मध्य प्रदेश
अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म. प्र.) से सम्बद्ध, मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग
बार काउंसिल ऑफ इण्डिया एवं एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त
78वें स्वतंत्रता दिवस
15 अगस्त 2024
की समस्त देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम :-
B.B.A. B.C.A. B.A. B. Com.
B. Sc. M.A. (Political Science) M.A. (Sociology) M.Sc. (Chemistry)
M.Com. (Management) LL.B. M.S.W. (Master of Social Work) B.Ed. PGDCA
बद्री नारायण बैस
डायरेक्टर
मायाराम महाविद्यालय, मेढ़ौली-मोरवा
जिला-सिंगरौली (म० प्र०)
चेयरमैन - जिला पुरोहित, वॉलीबाल संघ सिंगरौली
E-mail Id : college.mrdc@gmail.com, website : www.mayaramcollege.org

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**आशुतोष भदौरिया**
जिला परिवहन अधिकारी
सीधी (म.प्र.)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**ए.के. राय**
खनिज अधिकारी
सीधी (म.प्र.)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**अनूप कुमार मिश्रा**
महाप्रबंधक
(म.प्र.ग्रा.सवि.प्रा.) सीधी (म.प्र.)

स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर सभी देशवासियों, क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

**शंकर सिंह परिहार**
वरिष्ठ संविदाकार, सीधी
इंजीनियर एण्ड कान्ट्रेक्टर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**अभिषेक सिंह बघेल**
जिला पंजीयक
सीधी (म.प्र.)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**डॉ. डी.के. द्विवेदी**
सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास सीधी (म.प्र.)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**एम.के. परते**
कार्यपालन यंत्री
पी.डब्ल्यू.डी. सीधी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**त्रिलोक सिंह बरगड़े**
कार्यपालन यंत्री
पीएचईडी सीधी

स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर सभी देशवासियों, क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**प्रेम अग्रवाल**
समाजसेवी
बरगवां जिला सिंगरौली

विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झण्डा ऊंचा रहे हमारा।
स्वतंत्रता दिवस पर्व की सिंगरौली वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**सचिन साबू**
रीवा केमिकल्स, उद्योग दीप
रोड बलियरी, बैढ़न

स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर समस्त जिलेवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**शिवम् पैथालॉजी**
अस्पताल चौराहा, रीवा




स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर सभी देशवासियों, क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**केएन इन्टरनेशन लि.**
अनपरा सोनभद्र (यू.पी.)
**सुनील कुमार सिंह**
विधायक ओबरा सोनभद्र (यू.पी.)

स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर सभी देशवासियों, क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**उप पंजीयक**
सीधी (म.प्र.)

स्वतंत्रता दिवस पर्व की सिंगरौली वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

**रामशिरोमणि शाहवाल**
प्रदेश सचिव
म.प्र.कांग्रेस कमेटी,भोपाल

JAYPEE GROUP
जयप्रकाश पावर वेन्चर्स लिमिटेड की ओर से स्वतंत्रता दिवस–2024 की हार्दिक शुभकामनाएं

| वर्क्स कार्यालय अमिलिया | वर्क्स कार्यालय निगरी |
| --- | --- |
| जे.पी. अमिलिया (नार्थ) कोल माइन्स | जे.पी. निगरी सुपर थर्मल पावर प्लांट |
| ग्राम – मझौली | ग्राम व पोस्ट – निगरी |
| पोस्ट – बंधा | तहसील – सरई |
| तहसील – देवसर | जिला – सिंगरौली |
| जिला – सिंगरौली | (म.प्र.) – 486 669 |
| (म.प्र.) – 486 886 | |

स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर सभी देशवासियों, ईष्टमित्रों, शुभचिंतकों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**अशोका कांस्ट्रक्शन कंपनी**
खड़िया, सोनभद्र (यू.पी.)
**वीरेन्द्र कुमार पाठक**
संचालक

स्वतंत्रता दिवस पर्व की सिंगरौली वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
**रघुवीर इंस्टीट्यूट**
डिग्री कॉलेज रोड
बिलौंजी बैढ़न
जिला सिंगरौली

जय प्रकाश शाह
संचालक

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
**डी.डी. सिंह**
थाना प्रभारी
थाना यातायात सीधी

स्वतंत्रता दिवस पर्व की सिंगरौली वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

**भारतेन्दु पाण्डेय**
पार्षद
वार्ड क्रमांक 31 हर्रई, नपानि सिंगरौली

adani
Foundation
**एक मज़बूत आत्मनिर्भर भारत की ओर**
आइए हम सब मिलकर ऐसा राष्ट्र बनाएं जो दुनिया को प्रेरित करे। एक ऐसा राष्ट्र जहाँ सपने उड़ान भरें, नई सोच को बढ़ावा मिले और हर नागरिक प्रगति में योगदान दे। एक ऐसा राष्ट्र जहाँ समृद्धि हर कोने तक पहुँचे और एकता की भावना हम सभी को जोड़े।
**इस स्वतंत्रता दिवस
विकसित भारत बनाने की शपथ लें**

मध्यप्रदेश शासन

## देश की आज़ादी के लिए प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों को कृतज्ञतापूर्ण नमन



रानी लक्ष्मीबाई, चन्द्रशेखर आजाद, वीर सुरेन्द्र साए, भीमा नायक, शंकर शाह, रघुनाथ शाह, बरकतउल्ला भोपाली

रानी अवंतीबाई, टंट्या भील, तात्या टोपे, राणा बख्तावर सिंह, सीताराम कँवर, रघुनाथ सिंह मण्डलोई



**नरेन्द्र मोदी,** प्रधानमंत्री

## 78 वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

# चौतरफा विकास का परचम लहराता मध्यप्रदेश

युवाओं के लिये गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं व्यावसायिक क्षमता निर्माण के लिए सभी 55 जिलों में पी.एम. कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस प्रारंभ

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर प्रदेश में पहली बार रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव हो रहे आयोजित

संबल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आहार अनुदान योजना एवं राशन आपके ग्राम जैसी योजनाओं के माध्यम से गरीब और जरूरतमंदों को सहायता

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में 1.29 करोड़ महिलाओं को रक्षाबंधन पर प्रतिमाह ₹1250 के अतिरिक्त ₹250 का विशेष उपहार, अब तक ₹22 हजार 924 करोड़ की सहायता, लाड़ली लक्ष्मी योजना के माध्यम से बेटियों की शिक्षा और स्वास्थ्य का ख्याल

मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में 83 लाख से अधिक किसानों को ₹14254 करोड़ की सहायता



**डॉ. मोहन यादव**
**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से जुड़ने के लिए स्कैन करें

@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP

**मध्यप्रदेश शासन**

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

D-11047/24

आकल्पन: म.प्र. माध्यम/2024

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833